


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर सोना: 63 हजार के करीब पहुंचा 10 ग्राम का भाव, चांदी भी 76 हजार रुपए किलो के करीब

वर्ष 53/ अंक 132/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 20 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


### मिमिक्री मामले पर पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति को फोन किया, कहा-

# 20 साल से मैं भी अपमान सह रहा हूं, राष्ट्रपति ने भी निराशा जताई





**नई दिल्ली।** संसद में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी इसे लेकर विपक्ष को घेर रही है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी सांसदों की आलोचना की है। राष्ट्रपति ने संसद में उपराष्ट्रपति के अपमान को गलत बताया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी मुद्दे पर उपराष्ट्रपति धनखड़ को फोन किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि पीएम मोदी ने मुझे फोन किया था। उन्होंने कुछ सांसदों के संसद में आपत्तिजनक व्यवहार को लेकर दुख जताया।

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि पीएम ने उनसे फोन पर बात कर उनकी नकल उतारे जाने के मामले में गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि पीएम ने कहा कि माननीय सांसदों का ऐसा व्यवहार, वो भी संसद के पवित्र कॉम्प्लेक्स में, दुखद है। उन्होंने ये भी कहा कि पिछले बीस साल से वे भी ऐसी अपमानजनक बातें सुन रहे हैं, जो आज भी जारी हैं। मगर, ये उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के साथ हो सकता है वो भी संसद में, ये दुर्भाग्यपूर्ण है।

इसके आगे धनखड़ ने लिखा कि मैंने पीएम को बताया कि कुछ लोगों की ऐसी हरकतें मुझे मेरा कर्तव्य निभाने और संविधान में दर्ज उसूलों को बनाए रखने से नहीं रोक पाएंगीं। मैं इन मूल्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। कोई भी अपमान मुझे मेरी राह बदलने को प्रभावित नहीं कर सकता है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने भी धनखड़ की मिमिक्री पर निराशा जताई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी धनखड़ की मिमिक्री पर निराशा जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, जिस तरह से उपराष्ट्रपति का संसद भवन में अपमान किया गया है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। चुने हुए प्रतिनिधि अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन अभिव्यक्ति भी गरिमा के अनुसार होना चाहिए। हमें अपने संसदीय परंपरा पर गर्व है और देश की जनता भी इस परंपरा को बनाए रखने की उम्मीद कर रही होगी।

## 141 सांसदों के निलंबन पर विपक्ष का प्रदर्शन




संसद के शीतकालीन सत्र के 13वें दिन (बुधवार) 141 सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन जारी रहा। पहले विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा के सामने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और फिर संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब तक सांसदों का निलंबन वापस नहीं होता, विपक्ष का प्रदर्शन जारी रहेगा।

13 दिसंबर को संसद में हुई घुसपैठ के मामले पर विपक्ष गृहमंत्री के बयान की मांग को लेकर हंगामा करने के आरोप में अब तक विपक्ष के 141 सांसद सस्पेंड हो चुके हैं। इनमें 107 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। इन सांसदों के संसद में दाखिल होने पर रोक लग गई है। मंगलवार (19 दिसंबर) देर रात लोकसभा सचिवालय ने सर्कुलर जारी करके इन सांसदों के पार्लियामेंट चैम्बर, लॉबी और गैलरी में आने पर बैन लगा दिया है।



# देश और प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं: राज्यपाल

**भोपाल।** विधानसभा में आज राज्यपाल मंगू भाई पटेल का अभिभाषण हुआ, जो कि विकास और मोदी की गारंटी पर आधारित रहा। उन्होंने कहा कि जहां से लोगों की गारंटी खत्म होती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। वहीं राज्यपाल ने अपने अभिभाषण से भारत विकसित संकल्प यात्रा का भी जिक्र किया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से स्वतंत्र विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व की संपूर्ण आहुति के लिए राज्य के सभी सम्माननीय सदस्य, निर्वाचन आयोग, सभी राजनीतिक दल शासन प्रशासन एवं मीडिया को मैं बधाई देता हूं। सभी बधाई के पात्र हैं।

मेरी सरकार ने ग्रहण करते ही आजादी के अमृत काल में प्रदेश की 8.50 करोड़ जनता के लिए विकसित भारत हेतु विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण के लिए नए विजन और नए मिशन पर नई ऊर्जा, अवसर, उल्लास और उमंग के साथ नए संकल्प के साथ काम करना प्रारंभ कर दिया है। सबके साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास प्रधानमंत्री की इस मुहीम को लेकर मध्य प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प 2023 में मेरी सरकार ने लिया है। मध्य प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर निगम गांव गांव तक पहुंच रही है जिसका मध्य प्रदेश की जनता भव्यता के साथ उसका स्वागत कर रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान योजना जैसी कई योजनाएं विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ देश की जनता को मिल रहा है। हमारी सरकार है किसानों के खाते में 3.30 लाख करोड़ रुपए की ट्रांसफर की गई है।

### कांग्रेस संसदीय दल की बैठक

# सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया, पहले कभी इतने विपक्षी सांसदों को सस्पेंड नहीं किया गया: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। इससे पहले कभी इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को सस्पेंड नहीं किया गया था, वो भी एक वाजिब मांग रखने के लिए। सोनिया ने ये बात कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग में कही। यह बैठक 20 दिसंबर यानी आज संसद के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में की गई।

सोनिया ने कहा कि 13 दिसंबर को जो हुआ वह स्वीकार्य नहीं है और उसे सही नहीं ठहराया जा सकता है। इस मामले पर देश को संबोधित करने में पीएम को चार दिन लग गए, वो भी उन्होंने संसद के बाहर किया। ऐसा करके उन्होंने संसद की गरिमा के प्रति तिरस्कार और देश की जनता के प्रति अपनी उपेक्षा जाहिर की है।

दरअसल, 14, 18 और 19 दिसंबर को लोकसभा और राज्यसभा से 141 सांसद सस्पेंड हुए। इसमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 57 सांसद (लोकसभा से 40, राज्यसभा से 17) थे। इससे एक दिन पहले दिल्ली में हुई ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ. की बैठक में सांसदों के सस्पेंशन का मुद्दा उठा था। विपक्षी दलों ने सांसदों के सस्पेंशन की निंदा की।

### मप्र विधानसभा के 15वें अध्यक्ष बने नरेंद्र सिंह तोमर

# इस सदन को चलाने में मेरी ईमानदार कोशिश होगी: स्पीकर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को नरेंद्र सिंह तोमर को सर्व सहमति से विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। तोमर ग्वालियर चंबल इलाके से पहले और मप्र विधानसभा के 15वें अध्यक्ष हैं। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने उन्हें विधिवत आसंदी सौंपी।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि,हमारा गौरवशाली सदन है। पंडित कुंजीलाल दुबे से लेकर गिरीश गौतम तक लंबी यात्रा रही है और इस लंबी यात्रा में मेरे से पूर्व अध्यक्षों ने अनेक प्रकार के मापदंड स्थापित किए हैं। परंपरा स्थापित की और अपने-अपने कार्यकाल में अपने-अपने ढंग से इस सदन का गौरव बड़े इस बात का प्रयत्न किया। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में मेरी निश्चित रूप से इसी प्रकार की अपेक्षा है, इस सदन को चलाने में मेरी ईमानदार कोशिश होगी। लेकिन मैं इतना जरूर आप सबको कहना चाहता हूं की आसंदी पर रहते हुए मेरी कोशिश यही रहेगी कि मेरी निगाहें और नजर हर सदस्य पर है और जिसे जो हक मिलना चाहिए वह उसे मिले। मुझे प्रसन्नता है, इस विधानसभा में की इस बार कई नए सदस्य चुनकर आए हैं नए सदस्यों को वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग मिले वह उनके सानिध्य में सीख सके, वरिष्ठों को यह जिम्मेदारी लेना चाहिए कि वह सीख सके।



### हमारे लोकतंत्र का मंदिर और गौरवान्वित होगा : मोहन यादव

नरेंद्र सिंह तोमर के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते हुए सीएम डॉ मोहन यादव ने विधानसभा पटल पर कहा कि माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी का व्यक्तित्व मध्यप्रदेश की राजनीति में विशेष है। हम इस बात के लिए भी आनंदित हैं कि आपके नेतृत्व में अमृत महोत्सव के काल में माननीय प्रधानमंत्री जी का जो स्वप्न है, हमारे लोकतंत्र का है मंदिर और गौरवान्वित होगा। आपके रहते रहते मैं भी अपने दायित्व के साथ आपके ज्ञान का,अनुभव का अपने सदन के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ इसका लाभ मिलेगा।

**अध्यक्ष पद की ताकत बढ़ाएंगे तोमर: शिवराज** – पूर्व सीएम शिवराज ने कहा, तोमर विधानसभा अध्यक्ष पद की ताकत बढ़ाएंगे। सरकार तो अपना काम करेगी ही, पर तोमर प्रदेश के हित में बड़े फैसले लेंगे। चुनाव प्रबंधन का काम हो या संगठन का, तोमर हमेशा संकट मोचन साबित हुए हैं।

**कार्यकाल सफल साबित होगा: पटेल**– प्रहलाद पटेल ने कहा, पहली बार विधायक बनकर आए तोमर का अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल सफल साबित होगा। उन्होंने हास परिहास के मूड में कहा कि आज के बाद वे तोमर पर टिप्पणियां नहीं कर पाएंगे, क्योंकि अध्यक्ष की गरिमा का ध्यान रखना पड़ेगा।

**सोचा नहीं था सरकार के अंग बनेंगे: विजयवर्गीय**– कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, स्पीकर तोमर की राजनीतिक यात्रा साइकिल से सफर करते हुए देखी है। हमने सोचा नहीं था कि कभी सरकार के अंग बनेंगे। हमें तो डंडे खाने की आदत थी। उन्होंने कहा, विधानसभा 60 से 70 दिन चलना चाहिए था, रिकॉर्ड देखा तो पाया कि विधानसभा बहुत कम चली है। हम यहां चर्चा करें, यह जरूरी है।

### पक्ष-विपक्ष दोनों से सम्मान मिलेगा: रावत

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी तोमर की प्रशंसा की। वहीं, कांग्रेस विधायक राम निवास रावत ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में तोमर को पक्ष और विपक्ष दोनों से सम्मान मिलेगा, ऐसी उम्मीद है। तोमर के अंदर कभी बदले की भावना नहीं रही। उन्होंने राजनीति को हमेशा वैचारिक मतभेद से अलग रखा।

### कांग्रेस मांग चुकी है डिप्टी स्पीकर का पद

कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर का समर्थन किया। तोमर का समर्थन कर कांग्रेस डिप्टी स्पीकर का पद चाहती है, इसलिए अगर बीजेपी ने सहमति दी, तो डिप्टी स्पीकर का पद कांग्रेस को दिए जाने पर चर्चा हो सकती है। पूर्व में यह पद परंपरा के आधार पर विपक्षी दल को मिलता रहा है, लेकिन पिछली विधानसभा में यह परंपरा खत्म कर दी गई थी। कांग्रेस की 15 महीने की सरकार जाने के बाद डिप्टी स्पीकर किसी को नहीं चुना गया था। विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी एनपी प्रजापति को सौंपी गई थी।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दी तोमर को बधाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने 16 वीं विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह तोमर को बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह तोमर का सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना जाना हम सभी पार्टीजनों के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गर्व का विषय है।

# अफसरों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता के काम करने ही होंगे, ढील हुई तो सख्त कार्रवाई होगी: मोहन यादव

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, 'अधिकारियों-कर्मचारियों को जनता के काम करने ही होंगे। इसमें ढील हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हाल में लापरवाही नहीं चलेगी।'

उन्होंने कहा, कितने भी बड़े अधिकारी हों, मुस्तैदी से काम करें। सरकार के प्रत्येक निर्देश का सख्ती के साथ पालन कराना सबका दायित्व है।



मुखिया होने के नाते इसे देखना हमारी जवाबदारी है कि वैधानिक रूप से पालन हो रहा है या नहीं। जनता के साथ तो संवेदनशीलता है लेकिन अधिकारी, कर्मचारियों को छूट नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं का क्रियान्वयन होता रहेगा। किसी भी योजना को नहीं रोका जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह बात छिंदवाड़ा के पांढुर्णा में कही। वे पाठई गांव में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम बनने पर उज्जैन के बाद ये उनका प्रदेश के किसी जिले में दूसरा दौरा था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, हमने कई निर्देश दिए हैं। आपके बीच दो-चार काम की चीज बताता हूं। आपने खेत की रजिस्ट्री कराई तो पटवारी के आगे-पीछे घूमने की जरूरत नहीं है। आपने दस्तावेज का पंजीयन कराया। पटवारी को अपने आप नामांतरण करना पड़ेगा। कोई इसमें गलती करेगा, पटवारी लापरवाही करेगा तो कलेक्टर साहब आप ध्यान रखना। आप पर भी कार्रवाई करूंगा। संबंधित पर भी कार्रवाई करूंगा। किसी को छोड़ने वाला नहीं हूं। सीएम डॉ. यादव हेलिकॉप्टर से राजना में नर्मदा भक्त विवेक जी महाराज के दर्शन करने भी पहुंचे। करीब 10 मिनट गुरु जी से मुलाकात की। सीएम डॉ. यादव पिछले 5 साल से गुरु विवेक जी महाराज से जुड़े हैं।

### हमें अलर्ट रहने की जरूरत, पर घबराने की नहीं, उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोले मंडाविया

**नई दिल्ली।** कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट छ्वहृ.1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें, आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया।

# ममता बनर्जी की पीएम मोदी से मुलाकात, बोलीं- केंद्र ने गरीबों का पैसा रोका

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी से आज सुबह (20 नवंबर) मुलाकात की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में केंद्र से मिलने वाले फंड को रोके जाने की शिकायत की। इस मुद्दे पर पीएम ने ममता बनर्जी से कहा- राज्य और केंद्र के अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाएंगे। मीटिंग के बाद ममता ने कहा केंद्र ने गरीबों का पैसा रोक दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा- एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए बाकी है जो केंद्र राज्य को नहीं दे रहा है। टीएमसी के 10 नेता पीएम से मुलाकात कर चुके हैं। हमें 100 दिन का बकाया फंड नहीं दिया जा रहा है।



कई योजनाएं भी हैं, जिसका फंड रोक दिया गया है। पीएम से मैंने कहा कि गरीबों का पैसा रोकना ठीक नहीं है। पीएम ने मेरी बात को ध्यान से सुना और कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी आपस में बैठकर तय करेंगे। इंडिया के पीएम कैंडिडेट को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा- मैंने ही मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम की सिफारिश की थी।

# विधानसभा: सदन से नेहरू की तस्वीर हटाने के विरोध में कांग्रेस विधायक धरने पर बैठे

**भोपाल।** कांग्रेस विधायक पंडित जवाहरलाल नेहरु की तस्वीर लेकर विधान सभा पहुंचे। विधान सभा के बाहर विधायकों ने धरना भी दिया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, वरिष्ठ विधायक बाला बच्चन सहत पूरे विधायक मौजूद थे। सभी ने मांग की है कि मध्य प्रदेश विधानसभा में दोबारा राष्ट्र निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर लगाई जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नेहरू जी की तस्वीर हटाने के बजाय साथ में अगर संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की तस्वीर लगा दी जाती



तो सदन की शोभा बढ़ जाती। आज की भाजपा ने समूचे देश के प्रजातंत्र की तस्वीर को ही धूमिल कर दिया है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक नागरिक लाभ उठाएं : महापौर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा, हाथीखाना एवं शाहपुरा के शिविरों में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा आयोजित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत भोपाल नगर निगम द्वारा जोन क्र. 05 के अंतर्गत हाथीखाना चौराहा तथा जोन क्र. 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 51 के कार्यालय परिसर में शिविरों का आयोजन किया गया। हाथीखाना क्षेत्र में आयोजित शिविर का महापौर श्रीमती मालती राय ने अवलोकन करते हुए नागरिकों का आव्हान किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशानुसार शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं लेकर अधिकारी नागरिकों के पास आये हैं ऐसे में नागरिकों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। महापौर श्रीमती राय ने इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री टीना यादव, पार्षद श्रीमती लईका रफीक कुरैशी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। शाहपुरा में आयोजित शिविर में जोन अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी व पार्षद श्रीमती गिरिजा खटीक ने शिविर का अवलोकन किया और नागरिकों और अधिकारियों से चर्चा भी की।

नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत बुधवार 20 दिसम्बर 2023 को जोन क्र. 03 के अंतर्गत वार्ड क्र. 12 के नारियल खेड़ा एवं जोन क्र. 02 के अंतर्गत वार्ड क्र. 21 के हवामहल रोड पीरगेट क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए के निर्देश पर मंगलवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत जोन क्र. 05 के अंतर्गत वार्ड क्र. 22 एवं 23 के हितग्राहियों के लिए हाथीखाना चौराहा एवं जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 51 के शाहपुरा स्थित वार्ड कार्यालय परिसर में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, पी.एम.विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप, खेलो इंडिया, आयुष्मान भारत, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, आर.सी.एस.उड़ान, डिजिटल भुगतान योजनाओं सहित अन्य योजनाओं एवं बैंक के पृथक-पृथक स्टाल लगाए गए थे साथ ही स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इन स्टाल्स पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने योजनाओं एवं ऋण संबंधी जानकारियां प्राप्त की और योजनाओं के लाभ हेतु नवीन आवेदन पत्र भी जमा किए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर

## टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच कर उपचार दिया गया।

ग्राम तारासेवनिया में विधायक श्री विष्णु खत्री द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इन शिविरों में आईईसी मोबाइल द्वारा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई है। शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड वितरण , आभा आईडी ल, टी बी स्क्रीनिंग सहित विभिन्न सेवाएं दी जा रही हैं। पात्रतानुसार वंचित हितग्राहियों को सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए शिविर आयोजन के पूर्व मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में शिविरों के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविरों में चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम आशा सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि वितरण, ब्लड सैंपलिंग, टीबी स्क्रीनिंग एवं ट्रूनॉट मशीन से जांच, कुष्ठ रोग स्क्रीनिंग एवं उपचार, परिवार कल्याण सेवाएं, आभा आई डी, टीकाकरण, प्रचार प्रसार, आयुष्मान कार्ड बनाने, ईकेवायसी कर आयुष्मान कार्ड वितरित करने के कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविरों में निःशुल्क दवाइयां एवं हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत निःशुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है ल। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज भोपाल के शहरी क्षेत्र के हथाईखेड़ा एवं वार्ड क्रमांक 51 में शिविर आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत बैरसिया विकासखंड में भैसोंदा, सोनकच्छ, बरखेड़ा बरामद, सेमरीकला एवं फंदा विकासखंड में खोरी, धामनिया, बकानिया, तारासेवनिया, बगोनिया में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शिविरों में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनाने, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच के साथ साथ आरबीएसके दल द्वारा 4 डी अंतर्गत चिह्नांकित बच्चों का प्रबंधन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविरों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग भी की जा रही है।

इसके साथ ही निःशुल्क पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था भी की गई है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन, निक्षय मित्रों का सम्मान, टी बी रोगियों से कंसेंट, टीबी लक्षणों की ऑन स्पॉट स्क्रीनिंग, निश्चय पोषण योजना अंतर्गत बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस खातों के लंबित प्रकरणों का निराकरण, क्षय रोगियों की जांच किए जाने हेतु सैंपल एकत्रित कर शिविर स्थल पर ही ट्रूनाट मशीन से जांच करवाई जा रही है।

## मधुमेह की जागरूकता एवं सही समय पर पहचान उपरान्त उपचार संभव

**भोपाल।** मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। यह बीमारी लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी फूड खाने एवं आनुवांशिक भी होती है। धीरे-धीरे मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है इसे जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह की सही समय पर पहचान उसके उपचार एवं जन जागरूकता के मध्यम से मधुमेह रोगियो की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से रोगियों का उपचार किया जा सकता हे। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मधुमेह के उपचार के लिए असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। बार-बार पेशाब आना, वजन का घटना या भूखा कम लगना, बहुत ज्यादा प्यास लगना, कमजोरी अथवा थकान होना इत्यादि मधुमेह के मुख्य लक्षण है। मधुमेह की रोकथाम के लिए शरीर के वजन को सामान्य बनाए रखना, पौष्टिक आहार का सेवन, नियमित व्यायाम, चलना अथवा दौड़ना जैसी गतिविधियां करना, नशीले पदार्थों तंबाकू एवं शराब का सेवन नहीं करना महत्वपूर्ण है। मधुमेह के जांच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा सभी हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों पर भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे की मरीजों को नियमित रूप से दवाओं की प्राप्ति एवं फॉलो किया जा सके। मधुमेह के साथ सामान्य जीवन बताया जा सकता है। मधुमेह की नियमित रूप से जांच कराये जाना बेहद आवश्यक है जिससे कि मधुमेह की पड़ताल एवं उसकी प्रारंभिक अवस्था में उपचार हो सके।

## एनीमिया, हीमोग्लोबिन जांच के साथ खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह

**भोपाल।** एनीमिया की जाँच को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि रक्ताल्पता या एनीमिया की सही समय पर जांच न हो तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।गर्भावस्था में तो एनीमिया के कारण गर्भवती महिला की जान को खतरा भी हो सकता है इसलिए सही समय पर खून की जांच करायें और उसका उपचार करायें। सलाह में बताया कि गर्भवती मातायें अपनी हीमोग्लोबिन जांच के साथ-साथ खान-पान का विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ विभाग ने गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने पर महिलाओं को विशेष सावधानी बरते की सलाह दी है । यदि किसी महिला में खून की कमी है तो उसे आयरन की गोली दी जाती है। गर्भवती महिला को समय से भोजन करना चाहिए और साथ में फल, हरी सब्जियां, दालें व पोषक तत्व युक्त आहार लेना जरूरी है, जिससे रक्त की कमी न हो और स्वास्थ्य अच्छा बना रहे। एनीमिया की पहचान हीमोग्लोबिन लेवल जांच करने के बाद की जाती है। हीमोग्लोबिन लेबल 12 ग्राम से ज्यादा है तो एनीमिया नहीं माना जाता। 07 से 10 ग्राम है तो उसे मॉडरेट एनीमिया कहते हैं जिसे खान-पान और आयरन की गोली द्वारा ठीक किया जा सकता है। 07 ग्राम से नीचे उसे सीवियर एनीमिया माना जाता है, जिसकी जांच कर उपचार कराना आवश्यक है।सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में जांच निःशुल्क की जाती है।

### बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया निर्धारित

**भोपाल।** बच्चा गोद लेने के लिए दंपत्ति भ्रमित रहते हैं जबकि इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। अनाथ, परित्यक्त एवं निराश्रित बच्चे जिनकी उम्र 0-18 वर्ष से कम है ऐसे बच्चों को किशोर न्याय बालकों की देख रेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से गोद दिया जाता है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि बच्चा गोद लेने के लिए कोई भी दंपत्ति केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण में अपने सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन पंजीकरण करना होता है। आवेदन करने के बाद आप जिस संस्था या जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए सलेक्ट करते हैं वहां की संस्था का कर्मचारी या जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग का कर्मचारी आपके घर आकर गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करते हैं । आपको कुछ समय बाद आपके द्वारा पोर्टल पर दी गई जानकारी और दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण करते समय जिस राज्य या जोन के लिए आपने आवेदन किया है वहां से आप बच्चा गोद ले पाते हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के दिये निर्देश

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूरदराज के और नगरीय क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने न केवल मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण के निर्देश दिए, बल्कि दूरदराज से आए आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आये नागरिकों से लगभग 82 आवेदन प्राप्त हुए।



## निगम आयुक्त ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

भोपाल। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने मंगलवार को देर शाम रैन बसेरों (आश्रय स्थलों) का औचक निरीक्षण किया और यहां रात्रि विश्राम करने वाले व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि रैन बसेरों में रात्रि विश्राम करने वालों के लिए सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त कंबल, रजाई व अलाव आदि की सुविधा के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाएं बेहतर से बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराएं।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री नोबल ने रैन बसेरों में विश्राम करने वाले नागरिकों से भी चर्चा की और निगम द्वारा उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट होने के संबंध में भी पूछा जिस पर नागरिकों ने निगम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बेहतर व्यवस्था संज्ञा दी। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने एम.पी. नगर जोन 02, आईएसबीटी स्थित सामुदायिक आश्रय स्थलों एवं आईएसबीटी स्थित जनसुविधा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निगम आयुक्त ने यहां विश्राम कर रहे नागरिकों से भी चर्चा की नागरिकों ने बताया कि आश्रय स्थल में व्यवस्थाएं बेहतर हैं और ठंड से बचने के लिए भी पर्याप्त रजाई, कंबल आदि उपलब्ध कराए गए हैं तथा अलाव भी जल रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहां हाल में बेहतर साफसफाई है और शुद्ध पेयजल, साफस्वच्छ शौचालय आदि की भी समुचित व्यवस्था है।

## सोशल सर्विस शिविर आयोजित

**भोपाल।** दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आईसीटी केंद्र राजाबरारी जिला हरदा के द्वारा राजाबरारी एस्टेट में एक छः दिवसीय विशेष समाज सेवा शिविर लगाया गया जिसमे बीकॉम, बीएससी एग्रिकल्चर, बीएड , कंप्यूटर ऑपरेटर इत्यादि कोर्सेज के विद्यार्थियों द्वारा सोशल सर्विस गतिविधियों में हिस्सा लिया गया। इस कैंप में गांवों की मुख्य चौपालों, अस्पताल, कम्यूनिटी सेंटर, स्कूल इत्यादि की सफाई, पुताई, साइन बोर्ड, लाइट लगाना इत्यादि का सेवा कार्य किया गया। ग्राम राजाबरारी सरपंच श्रीमती मनोरमा अतुलकर द्वारा चौपाल पहुंच कर सभी को बधाई दी गई एवम मिष्ठान वितरण किया गया। टेमरूबहार के युवा सरपंच श्री मनोज धुर्वे ने व्यस्तता के चलते सोशल मीडिया के माध्यम से सभी विद्यार्थीयों को बधाई दी। ब्रांच के संत सुपर मैन योजना के बच्चों द्वारा भी सेवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समापन के दिन सभी विद्यार्थियों को श्री धरमपाल सतसंगी, मुख्य प्रबंधक राजाबरारी एस्टेट, प्रो. एस पी कौशिक, प्राचार्य टिमरनी, श्री दिनेश कपूर, प्राचार्य राजाबरारी श्री अमित चंद्राकर ओएसडी फॉरेस्ट इत्यादि द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। राजाबरारी एवम टिमरनी शिक्षा केंद्रों के डीन श्री डी सुमिर के द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके विभिन्न गांवों में जा कर लिए गए उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए बधाई दी एवम सभी सम्माननीय अतिथियों को कार्यक्रम में शामिल हो कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वन विहार में नेचर कैम्प का आयोजन

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, जू में छात्र-छात्राओं में वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलतात विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आस-पास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये एक दिवसीय नेचर कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैमराकला भोपाल के 50 छात्र-छात्राओं एवं 2 शिक्षकों ने उक्त नेचर कैम्प में भाग लिया। कार्यक्रम में स्त्रोत व्यक्ति रूप में श्री ए.के. खरे से.नि. उप वनसंरक्षण एवं पक्षीविद के रूप में मो. खालिक, भोपाल बर्ड्स उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्यप्राणी दर्शन, फिल्म शो, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिवियियों कराई गई एवं जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। वन विहार के विभिन्न स्थलों पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अतिरिक्त बाघ, तेदुआ, भालू,मगर घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय आदि वन्यप्राणियों का भी अवलोकन किया। कैम्प में सहायक संचालक वन विहार एस.के. सिन्हा, विजय बाबू नंदवंशी बायोलॉजिस्ट एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 16 नेचर कैम्प आयोजित किये गये जिनमें विभिन्न विद्यालयों के 583 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।



# तारण स्वामी की जयंती जैन समाज ने भक्ति भाव पूर्वक मनाई

**भोपाल।** संत तारण स्वामी की जयंती तारण तरण जैन समाज ने भक्ति भाव पूर्वक मनायी। इस अवसर पर शहर के श्री चैत्यालय जी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। अशोका गार्डन स्थित तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय जी में माँ जिनवाणी जी चाँदी की मनोहर पालकी जी में विराजमान कर शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।इस अवसर पर अशोका गार्डन चैत्यालय जी में तरण जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया ।सदभावना महिला मंडल की अध्यक्ष मीना दुष्यंत जैन ने बताया कि इस अवसर पर मंगलवार को शोभा यात्रा निकाली गई ।जिनवाणी जी को पालकी में विराजमान किया गया जिसे श्रद्धालु अपने कंधे पर रखकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। केसरिया परिधान में संगीतमय भजन कर रहे थे ।शोभायात्रा चैत्यालय से प्रारंभ हुई जो अशोका गार्डन में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए चैत्यालय जी पहुँची। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत सत्कार हुआ। भोपाल के साथ अन्य शहर से भी श्रद्धालु पहुँचे ।समाज के पत्रकारों तथा प्रशासनिक अधिकारियों का को सम्मान पत्र भेंट किए गए ।इस अवसर पर सद्भावना महिला मंडल की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें महिलाएँ महाराष्टीयन वेश धारणकर जयकारे लगाते हुए बैंड की सुमधुर ध्वनि के साथ अपनी प्रस्तुति दे रही थी।इस अवसर पर सभी जिम्मेदारियां का निर्वहन महिलाओं के द्वारा किया गया।

भोजन व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम , पालकी जी चल यात्रा में महिलाओं का योगदान रहा। जिसकी तैयारियाँ महीनों पहले से चल रही थी। संदीप जैन चैत्यालय समिति अशोक गार्डन के अध्यक्ष राजू सलैया युवा मंडल अध्यक्ष, प्रवीण जैन महामंत्री रमेश पत्रकार, शैलेंद्र जी उपाध्यक्ष दीपक जैन रवि जैन आदेश जैन प्रदीप जैन राजू बरेली आदि उपस्थित थे।



# प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे: डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों से किया संवाद



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। जनता के हित में लगातार कार्य किए जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिला पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच जाकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझ कर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता है। इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां है। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के निर्देशों का पालन करें। अपने कर्तव्यों के पालन के साथ ही जनता के प्रति संवेदनशील रहें। जनता के हित में लगातार कार्य करते रहें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांढुर्णा के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया।

ग्राम पाथई के कृषक श्री राहुल कुमार से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है और उसके अनुपात में फसल की कीमत अधिक मिलती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। कृषक श्री राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है। जिसमें वो पूरी तरह प्राकृतिक खेती करते है। शासन की योजना का लाभ लेकर नवरतन नाम का आटे का यूनिट भी लगाया है। एक अन्य कृषक ने भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से साल में 12 हज़ार रुपए मिलते है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्थानीय आशा कार्यकर्ता श्रीमती नर्मदा काकड़े ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए वह चौबीस घंटे तत्पर रहती है। आज ही बच्चों का टीकाकरण करके कार्यक्रम स्थल आई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीमती काकड़े की सेवा भावना की सराहना की और उन्हें निरंतर जनता के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कन्या पूजन कर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्थानीय मंदिर में पुष्प अर्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नाना भाऊ माहोड़, जबलपुर कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी उमेश जोगा, डीआईजी सचिन अतुलकर, पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा, छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशानिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामजन उपस्थित रहें।

## बिल्डिंग परमिशन और कम्पाउडिंग के नियम-प्रक्रिया का सरलीकरण हो: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिल्डिंग परमिशन और कम्पाउडिंग के नियम और प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। नियम स्पष्ट और सरल हों, जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके और उसे कोई परेशानी न हो। सामान्य व्यक्ति जीवन में एक बार मकान बनाता है, अतः बिल्डिंग परमिशन आदि की व्यवस्था ऐसी की जाएं, जिससे वह परेशान न हो और निर्धारित समय-सीमा में कार्य हो। नगरीय निकायों से नक्शे जल्दी पास कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। भवन अनुज्ञा से संबंधित सॉफ्टवेयर का आंकलन कर यह ज्ञात करें कि वर्तमान में औसतन कितने दिनों में भवन अनुज्ञा जारी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश नगरीय विकास एवं आवास विभाग की विधानसभा के समिति कक्ष में हुई बैठक में दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी नगरीय निकायों से अनुमति प्राप्त की जाएं। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, पर्यटन सहित शासकीय भवन निर्माण में संलग्न सभी एजेंसियां बिल्डिंग परमिशन लें और निर्माण में बिल्डिंग लाइन, ओपन स्पेस, पार्किंग आदि का अनिवार्यतः ध्यान रखें। टीडीआर व टीओडी के क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं ताकि रहवासियों को सुविधा प्राप्त हो और शहरों की बेहतर प्लानिंग भी सुनिश्चित की जा सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नेअ कहा कि सड़क चौड़ीकरण से संबंधित प्रोजेक्ट्स की प्लानिंग स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बेहतर तरीके से की जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि स्थानीय निवासियों की समस्याएं न बढ़ें, उन्हें सुविधा प्राप्त हो साथ ही सड़क चौड़ीकरण में बिजली संबंधी कार्यों में लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मांस और मछली के खुले में बिकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनके विक्रेताओं को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से नगरीय निकायों द्वारा मांस-मछली मार्केट के लिए आवश्यक रूप से भवन निर्मित किए जाएं। जब तक भवन निर्मित नहीं होते तब तक मांस, मछली विक्रय केलिए स्थल निर्धारित कर अस्थाई शेड की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाएं। नगरीय निकायों के साथ-साथ बड़ी ग्रामीण पंचायतों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त बैठक लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कान्ह नदी का पानी, शुद्धिकरण के बाद ही क्षिप्रा नदी में मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए आवश्यक प्लांट लगाया जाएं। इस संबंध में जल संसाधन तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की संयुक्त बैठक तत्काल आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन को सशक्त करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिस मद के लिए राशि केन्द्र या राज्य सरकार से प्राप्त हुई है, नगरीय निकाय उन राशियों का उपयोग उस मद के लिए ही करें। नगरीय निकायों व प्राधिकरणों में डिपॉजिट अथवा लोन लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में सख्त वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित किया जाएं। । वित्तीय अनियमितता पर सख्त कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगरीयविकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई ने जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी मिशन 1.0, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पीएम स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा है। इसके साथ ही अमृत 1.0, स्वच्छ भारत मिशन 1.0 और डे-एनयूएलएम में प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है

# पटवारी बोले-जितना बड़ा झटका, उतनी बड़ी कामयाबी मिलती है

## पीसीसी चीफ ने कहा-विपक्ष में रहकर सेवा कैसे करें, इस भावना को अंतर्मन में रखना है

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, हम विधानसभा चुनाव में हारे जरूर हैं लेकिन जितना बड़ा झटका लगता है, उतनी बड़ी कामयाबी मिलती है। लोकतंत्र में जीत-हार होती रहती है। हमारे सामने चुनौती है- लोकसभा चुनाव की। हमारे सामने चुनौती है- जनता को भाजपा के कुशासन का अहसास कराने की। हार से हताश होने की जरूरत नहीं है। विपक्ष में रहकर हम सेवा कैसे करें, इस भावना को अंतर्मन में रखना है। हम प्रदेश के विकास के लिए सकारात्मक विपक्ष का काम करेंगे। उन्होंने यह बात भोपाल स्थित पीसीसी दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। वे बैरागढ़ से रोड शो करते हुए प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।

पटवारी सुबह इंदौर से निकले थे। उज्जैन में उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए। यहां से देवास पहुंचे। उज्जैन से देवास के रास्ते में उनका कई जगह स्वागत किया गया। देवास में समर्थकों ने पटवारी पर जेसीबी से फूल बरसाए। रैली भी निकाली गई, जो तहसील चौराहे से नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहा पहुंची। इसके बाद पटवारी का काफिला सीहोर होते हुए भोपाल के लिए रवाना हुआ।



### नेहरू जी की तस्वीर लगी रहती तो भाजपा को क्या हो जाता

पीसीसी चीफ ने विधानसभा से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर हटाने पर भाजपा को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा- आज पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर मध्यप्रदेश की विधानसभा से हटाई गई और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई। बाबासाहब की तस्वीर लगाई गई, इसका हम स्वागत करते हैं।एक थे आजादी के नायक महात्मा गांधी, जिनकी तस्वीर वहां लगी थी।

एक थे बाबासाहब अंबेडकर, जो संविधान के निर्माण में सबसे बड़ी प्रेरणा थे। एक थे नेहरू, जिन्होंने भारत का निर्माण किया..भारत की आजादी के लिए कई सालों तक जेल में रहे। अगर तीनों तस्वीरें लगतीं तो भारतीय जनता पार्टी को क्या हो जाता? हम भाजपा की इस नफरत और घृणा की राजनीति के खिलाफ लगातार खड़े रहेंगे।

### शिवराज भैया चले गए, जीतू भैया आ गए

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- शिवराज भैया चले गए हैं। जीतू भैया और ये सारे भैया यहीं खड़े हैं। अब हम बहनों की रक्षा करेंगे। इन लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए देने के लिए बीजेपी को मजबूर करेंगे। यही हमारा संकल्प है। पटवारी के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक जयवर्धन सिंह, रामनिवास रावत, अभय मिश्रा, विजय चौरे, सिद्धार्थ कुशवाह, अभिजीत शाह, राजेंद्र भारती, फुंदेलाल मार्को, रामलाल मालवीय के साथ शोभा ओझा, अर्चना जायसवाल, निशा बांगरे समेत कई पार्टी नेता मौजूद रहे।

### कांग्रेस की आइडियोलॉजी प्रेम और त्याग की

पटवारी ने कहा- कांग्रेस की आइडियोलॉजी प्रेम-मोहब्बत और त्याग की आइडियोलॉजी है। वसुधैव कुटुंबकम की आइडियोलॉजी है। इसमें इंसानियत की रक्षा की बात है। त्याग करने की भावना है। हम इसी पर चलेंगे। उन्होंने आगे कहा- मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि भारतीय जनता पार्टी अगर जनवरी के अंत तक अपने वचनों को पूरा नहीं करेगी तो भोपाल में दो लाख लोगों की रैली इनको वादे याद दिलाने के लिए हम करेंगे। जनभावना को ध्यान रखते हुए हर जिले में ऐसी रैली की जाएगी।

# डीआरएएम के साथ रामेश्वर शर्मा ने किया संतनगर फ्लाइओवर और स्टेशन का दौरा



**भोपाल।** रेलवे के डीआरएएम भोपाल के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत नगर फ़्लाइओवर एवं स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान फाटक रोड़ पर बन रहे फ़्लाइओवर से संत नगर स्टेशन को जोड़ने की प्लानिंग पर भी चर्चा की। विधायक रामेश्वर शर्मा ने सुझाव दिया कि फाटक रोड पर बन रहे फ़्लाइओवर को संत नगर रेल्वे स्टेशन से भी जोड़ा जाये। करोड़ों की लागत से स्टेशन का नव निर्माण हो रहा है परन्तु संत नगर रेल्वे स्टेशन की बेहतर कनेक्टिविटी न होने की वजह से यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। संत नगर की और उतरने वाला फ़्लाइओवर 7.50 मीटर चौड़ा एवं 300 मीटर लंबा होगा। सर्विस रोड के साथ लगभग 10 करोड़ की अतिरिक्त राशि इसमें खर्च होगी।

## गोविंद सिंह राजपूत ने ली विधायक पद की शपथ



**सागर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक के रूप में शपथ ली। श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी के विकास का पहिया निरंतर चलता रहेगा हम और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। भाजपा हर वर्ग के विकास के लिए संकल्पित है बिना भेदभाव सभी का विकास हमने किया है और इसी तरह यह विकास का क्रम चलता रहेगा।

# एम्स में विश्व एड्स पखवाड़ा मनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





एम्स द्वारा 1 से 15 दिसंबर 2023 तक विश्व एड्स पखवाड़ा मनाया गया। प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक के नेतृत्व और डॉ. देबासिस बिस्वास, प्रोफेसर और प्रमुख, माइक्रोबायोलॉजी विभाग,एम्स भोपाल के मार्गदर्शन में पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस वर्ष का विषय था समुदायों को नेतृत्व करने दें। पखवाड़े के दौरान, एम्स भोपाल और आस पास के क्षेत्रों में एचआईवी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। एम्स भोपाल में, आम जनता और रोगियों के बीच एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एमबीबीएस 2022 बैच के छात्रों और नर्सिंग छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। सरोजमणि नंदेय, अरुण विश्वकर्मा, जैस राज भार्गव और प्रियंका वाघमारे, रत्ना बचले ने रोगियों और उनके साथ उपस्थित लोगों के लिए जिन्होंने पखवाड़े के दौरान आईसीटीसी केंद्र का दौरा किया, जागरूकता अभियान चलाया। । डॉ. शाश्वती नेमा, अतिरिक्त प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी ने रक्त और शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क की रोकथाम और एक्सपोज़र के बाद प्रोफिलैक्सिस पर एमबीबीएस छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया।विभागीय संकायों और आईसीटीसी/एसएसके कर्मचारियों द्वारा नवीन पब्लिक हायर सेकेंडरी गवर्नमेंट स्कूल, एम्स भोपाल निर्माण स्थल, आंगनवाड़ी और आस पास के स्वास्थ्य केंद्रों में सामुदायिक आउटरीच गतिविधियां आयोजित की गईं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा: कुलपति प्रो. सुरेश

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय में नेशनल सिक्योरिटी, ड्यूटीज ऑफ़ सिटीजन्स एंड मीडिया विषय पर हुआ विशेष व्याख्यान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मंगलवार को नेशनल सिक्योरिटी ड्यूटीज ऑफ़ सिटीजन्स एंड मीडिया विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.जी. सुरेश ने की। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार, मुख्य वक्ता एआईजी डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, विशिष्ट अतिथि जन अभियान परिषद के कार्यकारी निदेशक डॉ. धीरेंद्र पांडे थे।



इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. के. जी. सुरेश ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है । उन्होंने कहा कि आम नागरिक और मीडिया के सहयोग के बिना ये संभव नहीं है । मुंबई हमला, कंधार प्लेन हाइजेक, संसद हमला आदि का जिक्र करते हुए प्रो. सुरेश ने कहा कि आतंकवाद का मकसद आतंक और भय पैदा करना होता है । उन्होंने कहा कि बिना नागरिकों के सहयोग के इसे रोका नहीं जा सकता, इसलिए नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग करना चाहिए। प्रो सुरेश ने कहा कि आज कश्मीर में शांति स्थापित करने के लिए नागरिक सहयोग कर रहे हैं।

मुख्य वक्ता आईपीएस अधिकारी एआईजी डॉ. वीरेंद्र मिश्रा ने मीडिया एवं नागरिक की भूमिका पर कहा कि दोनों अलग-अलग नहीं है। उन्होंने कंट्री और नेशन के बारे में बात करते हुए कहा कि जिस दिन हम कंट्री को नेशन मनाना शुरु कर देंगे, सुरक्षा अपने आप मजबूत हो जाएगी। डॉ. मिश्रा ने कल्चरल थ्रेट, कल्चरल टेरिज्म, बिलीव सिस्टम, मैकाले की शिक्षा व्यवस्था, मिमिटेक डिजायर, आर्थिक आतंकवाद, नोटबंदी, साइबर अटैक, स्टॉक एक्सचेंज, डिजिटल टूल, डिजिटल स्पेस, खोजी पत्रकारिता, ड्रग्स, स्लीपर सेल, नक्सलवाद आदि विषयों पर भी अपने विचार रखे। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार ने कहा कि आदि पत्रकार नारद जी हैं, लेकिन वह किसी युद्ध में डायरेक्ट इंवॉल्व नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि नारद जी स्वयं अस्त्र नहीं उठाते थे। डॉ. जामदार कहा कि पत्रकारों को नारद जी से काफी कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रवाद, आंतरिक सुरक्षा पर भी अपने विचार रखे। डॉ धीरेंद्र पांडे (कार्यकारी निदेशक, जन अभियान परिषद) ने जन अभियान परिषद के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी द्य उन्होंने बताया कि परिषद शासन एवं समाज के बीच में सेतु कार्य करता है । विश्वविद्यालय की न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के सभागार में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का संयोजन डीन अकादमिक डॉ. पी. शशिकला ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेई, जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक एवं एमसीयू के पूर्व कुलाधिसचिव लाजपत आहूजा, विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# संसद में एक और इतिहास!

देश में इस समय बहुत सारे काम ऐतिहासिक हो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार और मंगलवार को जिस तरह से सामूहिक रूप में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए, वह अभूतपूर्व है। दो दिनों में कुल 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास में इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में देखा जाएगा। लेकिन इसमें आम जनता का क्या दोष है? आखिर उसकी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा संसद की कार्यवाही में क्यों बर्बाद किया जा रहा है?

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूल इस बार मूल कारण पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। पर सवाल यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? जहां विपक्षी दल पिछली परंपराओं का वास्ता देते हुए इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के उदाहरण से साफ है कुछ विपक्षी सांसदों ने जान-बूझ कर ऐसी स्थिति पैदा की, जिससे उनका निलंबन हो जाए। थरूर ने निलंबन से चंद मिनट पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि अपने संसदीय जीवन में पहली बार वह प्लेकार्ड लेकर वेल में घुसे और अब निलंबन की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उनकी दलील है कि निलंबित सांसदों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने ऐसा किया। विपक्षी सांसदों के ऐसे व्यवहार को उचित बताना मुश्किल है।

दूसरी तरफ सत्तारूढ़ पक्ष भी इस मामले में कोई खास गंभीरता नहीं दिखा पा रहा। अगर 2001 में हुए संसद हमले को लेकर चर्चा हुई थी तो कोई कारण नहीं कि इस बार भी ऐसा सुनिश्चित न किया जा सके। अगर ऐसा नहीं हो रहा तो इसके पीछे कहीं न कहीं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपनी पोजिशनिंग ठीक रखने की भावना है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी अपने हर कदम को जनता के बीच सही ठहराने में सफल हो जाती है। यहां एक मुद्दा भी विचारणीय है। वो यह कि जो संसद की सुरक्षा चूक में भाजपा सांसद की सिफारिश ही थी।

सवाल ये उठाया जा रहा है कि यदि किसी विपक्षी सांसद ने पास बनवाया होता, तो क्या भाजपा उसे छोड़ देती? क्या उस सांसद को अभी तक जेल नहीं भेज दिया गया होता? क्या उसे आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त नहीं बताया होता? यहां सत्तारूढ़ दल की नीयत का भी खुलासा होता है। जैसा कि भ्रष्टाचार के मामले में हो रहा है। भाजपा या उसके गठबंधन वाले दलों में कई नेता, मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री उन पर टिप्पणी कर चुके हैं, लेकिन उनके भाजपा में शामिल होते ही सारे मामले रफा-दफा कर दिए गए या किए जा रहे हैं।

फिलहाल संसद की बात करें तो इस गतिरोध के चलते संसद के शीत सत्र के बचे हुए दिनों में भी सुचारू ढंग से कामकाज होने के कोई आसार नहीं दिख रहे। और इसमें विपक्ष यदि दोषी है, तो सत्तापक्ष की भी कम भूमिका नहीं है। बड़ी बात यह है कि अगले आम चुनाव से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी पूर्ण सत्र है और इसमें कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा होनी है। बाहर बयान देने वाले विपक्ष के पास भी यहां उठाने के लिए कई मुद्दे हैं, लेकिन पक्ष-विपक्ष का जो रवैया है उसे देखते हुए यही लगता है कि विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी चर्चा के ही इन बिलों को पास घोषित करना पड़ेगा।

और बाकी तमाम मुद्दे बिना चर्चा के ही रह जाएंगे। यह सचमुच निराशाजनक है कि जब दलीय राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत थी, तब विपक्ष सत्तारूढ़ दलों पर आरोप लगाने में और सत्ता पक्ष विपक्षी सदस्यों को संसद से बाहर करने में अपनी ऊर्जा लगा रहे हैं। इतिहास के पन्नों में लोकतंत्र की परिभाषा और बदल कर दर्ज करने की जरूरत रह गई है। राजनीति में लोकतंत्र के बजाय दुश्मनी का माहौल ज्यादा दिखाई दे रहा है। यही संसद में हो रहा है। काश, कोई समझने की कोशिश करे। राजनीति का स्तर कहां जा रहा है, यह भी समझने की जरूरत है। पर, जनता कतई और कतई नहीं समझेगी। वह खुद को सोचने-विचारने की सीमाओं से शायद ऊपर मानने लगी है। और कर भी क्या सकती है। उसके हाथ से तो सब कुछ छीना ही जा रहा है। जय हो ऐसे लोकतंत्र की।

# वार्ड अध्यक्ष से विधानसभा अध्यक्ष तक तोमर का पांच दशक का सफर

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**



मध्यप्रदेश विधानसभा को आज अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध रूप से निर्वाचित नरेंद्र सिंह तोमर मिल रहे हैं। तोमर का पांच दशक का लंबा राजनैतिक जीवन है। 1974 में वह भारतीय युवा संघ के वार्ड अध्यक्ष चुने गए थे और अब 20 दिसंबर 2023 को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष की आसंदी पर बैठेंगे। उन्होंने लंबी राजनैतिक यात्रा में संगठन और सरकार में राज्य और केंद्र में अलग-अलग पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसेमंद के रूप में खुद को साबित कर चुके हैं और केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे हैं। तो वह राज्य सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्य भाजपा संगठन में वह वार्ड, मंडल अध्यक्ष से लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तक सभी पदों पर कार्य कर अपनी कार्यशैली का लोहा मनवा चुके हैं। मजदूर से मुख्यमंत्री तक के पद को सुशोभित करने वाले स्वर्गीय बाबूलाल गौर ने तोमर को मुन्ना भैया उपनाम दिया था।

कोई भी राजनैतिक संकट आने पर तोमर को संकटमोचक के रूप में जाना जाता है। बहुत कम बोलने में भरोसा रखने वाले मुन्ना भैया हर बात को गुनकर सही फैसला लेने में कभी कोई चूक नहीं की। और अब पक्ष-विपक्ष के विधायकों का भरोसा जीतने की चुनौती का सामना विधानसभा अध्यक्ष के बतौर नरेंद्र सिंह तोमर को करना है। हालांकि यह भी तय है कि वह सदन का भरोसा जीतने में पूरी तरह सफल रहेंगे। 2023 में विधानसभा चुनाव का टिकट पाकर दिमनी से मैदान में उतरे तोमर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दावेदार भी माना जा रहा था।

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में पोरसा विकासखंड के तहत आने वाले ग्राम ओरेठी में मुंशी सिंह तोमर के पुत्र नरेंद्र सिंह तोमर का जन्म 12 जून 1957 को तोमर क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की है। वे इस दौरान महाविद्यालय में छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे। शिक्षा पूरी करने के बाद वे ग्वालियर नगर निगम के पार्षद पद पर निर्वाचित हुए। इसके बाद वे पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। वे 1977 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बनाए गए। वे युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहते हुए 1996 में युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए। तोमर पहली बार 1998 में ग्वालियर से विधायक निर्वाचित हुए और इसी क्षेत्र से वर्ष 2003 में दूसरी बार चुनाव जीता। इस दौरान वे 2008 तक उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान मंत्रिमंडल में कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री भी रहे। उन्हें वर्ष 2008 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष, सोमनाथ चटर्जी ने उत्कृष्ट मंत्री के रूप में सम्मानित किया था। तोमर वर्ष 2008 में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और उसके बाद वे 15 जनवरी 2009 में निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए। बाद में वे पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री पद पर रहे। तोमर एक बार फिर 16 दिसम्बर 2012 को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए। प्रदेश के मुरैना संसदीय क्षेत्र से वर्ष 2009 में लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। तो उसके बाद 2014 में ग्वालियर लोकसभा और 2019 में फिर मुरैना लोकसभा से सांसद चुने गए। तोमर को 27 मई 2014 को नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में इस्पात, खान, श्रम और रोजगार का केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नियुक्त किया गया था। मई 2019 में, वह ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय में बने रहे और उन्हें कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार दिया गया। 18 सितंबर 2020 को, तोमर को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। विधानसभा चुनाव लड़ने के समय वह कृषि और किसान कल्याण मंत्री थे। 2023 मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में, तोमर ने दिमनी विधानसभा में अप्रत्याशित रूप से बहुजन समाज पार्टी के बलवीर सिंह दंडोतिया को 24,000 के अंतर से हराया है।

तो संगठनात्मक क्षमता के साथ ही प्रशासन पर मजबूत पकड़ रखने वाले और कुशल रणनीतिकार तोमर के विधानसभा अध्यक्ष बनने की खुशी पक्ष-विपक्ष दोनों दलों में है। नए विधायकों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, तो विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा भी नए आयामों को छुएगी, यह उम्मीद की जा सकती है।? सदन के नेता डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार हों या फिर उपमुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सभी के मन में तोमर के प्रति सम्मान का भाव निहित है। यह तोमर की विशेषता है कि चाहे उम्र में बड़ा हो, बराबर का हो या छोटा, सबके मन में अपनी जगह बना ही लेते हैं। वार्ड अध्यक्ष से विधानसभा अध्यक्ष तक का पांच दशक का तोमर के राजनैतिक सफर का लाभ अब सदन के सभी सदस्यों को मिलने जा रहा है।

# देश को ज़रूरत है पारिवारिक चिकित्सकों की

**राकेश दुबे**

भारत में पहले वैदध्य एक पारिवारिक चिकित्सा स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न अंग होता था, अब यह स्थान विभिन्न पद्धतियों में पारंगत चिकित्सकों ने ले लिया है । पश्चिमी देशों में, पारिवारिक चिकित्सक को आज भी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। सामान्य चिकित्सक वाली व्यवस्था यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में रीढ़ की हड्डी है, जो स्थानीय निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया करवाती है।

भारत में मेडिकल शिक्षा प्राप्त निकले स्नातक शहरों में पारिवारिक चिकित्सकों की भूमिका में हुआ करते थे तो गांवों में यही काम रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का था। मेडिकल जगत में बहुत ज्यादा तरक्की होने के कारण अब किसी पारिवारिक चिकित्सक के पास केवल एमबीबीएस की डिग्री होना माकूल स्वास्थ्य सेवा देने में काफी नहीं माना जाता। इसलिए मरीज अब मामूली बीमारी में भी ज्यादातर विशेषज्ञ डाक्टरों का रुख करते हैं।

विशेषज्ञ डॉक्टर की महारत किसी खास विधा या बीमारी में होती है, लेकिन वे अतिरिक्त बीमारियों को संभाल नहीं पाते। मसलन, या तो वे समस्या को समग्रता के परिप्रेक्ष्य में समझ नहीं पाते या फिर वे मरीज को आगे किसी अन्य विशेषज्ञ के पास भेज देते हैं, लिहाजा इलाज में खर्च बढ़ोतरी हो जाती है।

आज देश को उच्च शिक्षित, उच्च कौशलयुक्त किंतु सामान्य अथवा पारिवारिक चिकित्सकों की है , जो फौरी प्राथमिक और यहां तक कि कुछ माध्यमिक स्वास्थ्य जरूरतों में अपने स्तर पर इलाज करने में सक्षम हों। पारिवारिक चिकित्सक से अपेक्षा है कि उसके पास विभिन्न रोगों की समझ हो ताकि हरेक उम्र और बीमारी के मरीज को बृहद स्वास्थ्य देखभाल दे पाए। जरूरत पड़ने पर वह मरीज को संबंधित विशेषज्ञ के पास भेज सकता है।युक्तम स्वास्थ्य देखभाल देने के आलोक में, यथेष्ट मानव-बल और बुनियादी ढांचा का होना जरूरी है। सालों तक, सरकार और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया दोनों ने अधिक संख्या में मेडिकल कॉलेज सुनिश्चित करने को कदम उठाए हैं। अब मेडिकल कालेजों संख्या 700 से अधिक हो गई है, और यह सब मिलकर हर साल एमबीबीएस कोर्स में 1 लाख से अधिक सीटों पर दाखिले की क्षमता रखते हैं। स्नातकोत्तर सीटों की संख्या भी बढ़कर लगभग 70,000 हो गई है।



हालांकि, विभिन्न विशेषज्ञ कोर्स में भी सीटों की गिनती बढ़ी है लेकिन एमडी (फैमिली मेडिसिन) कोर्स में सीटें बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं की गई। प्रभावशाली वैश्विक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने में पारिवारिक व सामान्य चिकित्सक वर्ग की भूमिका बहुत अहम है, जिससे कि सामान्य किस्म की बीमारी के इलाज के लिए विशेषज्ञों पर बेजा बोझ न पड़े। इसके अलावा, पारिवारिक चिकित्सक जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों के साथ तालमेल बनाकर अपने स्तर पर इलाज कर सकता है।

पारिवारिक चिकित्सक विधा (एमडी फैमिली मेडिसिन) में स्नातकोत्तर डिग्री होने की जरूरत का अहसास एमसीआई और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन को सालों पहले हो गया था लेकिन दुर्भाग्यवश, इस मामले पर आगे काम नहीं हुआ। यह साल 2021 था जब एमसीआई ने मेडिकल कॉलेजों को फैमिली मेडिसिन विधा में एमडी कोर्स शुरू करने की अनुमति दी। इससे पहले एनबीई ने कुछ अस्पतालों में यह कोर्स चलाने का अनुमोदन कर दिया था। वर्ष 2011-22 के बीच एमसीआई बोर्ड ने इस मुद्दे पर विचार किया और एक सटीक पाठ्यक्रम तैयार करवाया और फैमिली मेडिसिन के लिए आवश्यक न्यूनतम मानकों को तय किया।

इसकी जानकारी सरकार को दे दी गई। यह सोचा गया कि पहले पहल मेडिसिन विभाग के अध्यापक बतौर समन्वयक पढ़ाई करवाएंगे और एमडी (फैमिली) रेज़िडेंट्स को पढ़ाने में अन्य संबंधित विधाओं के शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा ताकि शुरुआती दौर में अलग से विभाग बनाने की जरूरत न पड़े। यह भी सलाह दी गई कि एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम व पाठ्यक्रम उन एमबीबीएस डॉक्टरों के लिए हो, जो पांच साल से लगातार इलाज कर रहे हैं जिससे प्रशिक्षण अवधि में अमूमन दो साल बच पाएंगे। ऐसा होने पर, न केवल समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ जाती बल्कि पारिवारिक या सामान्य चिकित्सक रहते हुए, नया कौशल सीखकर उन्हें और अधिक प्रभावशाली इलाज करने की काबिलियत मिल जाती।

अब प्रभावशाली फैमिली मेडिसिन फिज़िशियन बनाने हेतु पाठ्यक्रम और न्यूनतम मानक तय करने पर पुनर्विचार करना चाहिए।

अहम यह कि नियामकों को सुनिश्चित करना होगा कि फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री हासिल करने वाले को डीएम (डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन) कोर्स करने में दाखिले की योग्यता खुद-ब-खुद मान्य न होने पाए। अन्यथा, यह प्रावधान एमडी (मेडिसिन) उत्तीर्ण न करने वालों के लिए पिछला रास्ता बन जाएगा क्योंकि एमडी (मेडिसिन) और एमडी (फैमिली मेडिसिन) दो अलग विधाएं हैं और इनका पाठ्यक्रम भी नितांत अहलदा है। इसलिए एमडी (फैमिली मेडिसिन) करने वाले डीएम कोर्स के लिए जरूरी योग्यता मानकों को पूरा नहीं करते।फैमिली मेडिसिन की पढ़ाई चुनने के लिए स्नातकों को प्रोत्साहित करने में यह कदम उठाना बहुत जरूरी है।

# ग्रेजुएशन में फेल, फिर लगातार दो बार यूपीएससी क्रैक की

**सुरेश तिवारी**



यूपीएससी देने वाले आत्म-संदेह और असफलता की आशंका के साथ जिज्ञासा के साथ बेहद कठिन समय गुजारते हैं। लेकिन, जो बात उन्हें सबसे अलग बनाती है, वह है उनका दृढ़ता और समर्पण। इतनी चुनौतियों के बावजूद जो बच जाता है, वही यूपीएससी की इस कठिन परीक्षा विजयी होता है। ऐसे ही समर्पण और लगन का एक उदाहरण हैं आईएएस अधिकारी अनुराग कुमार। उन्हें तब असफलता का सामना करना पड़ा, जब वे ग्रेजुएशन की परीक्षा पास नहीं कर सके थे। लेकिन, उन्होंने इसे अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया चुनौती की तरह लिया। इस असफलता का उपयोग उन्होंने खुद को प्रेरित करने के लिए किया और किया भी।

अनुराग ने ग्रेजुएशन में मिली असफलता से सबक सीखा और पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देने लगे थे। अनुराग का कहना है कि उन्हें पता था कि उनमें कमी है और सफल वही है जो अपनी कमियों को स्वीकार करके बेहतर बनने की कोशिश करे। अनुराग कुमार ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और कई लोगों को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि एक व्यक्ति जो अपनी ग्रेजुएशन परीक्षा पास नहीं कर सका, उसने दुनिया के दूसरे सबसे कठिन एंट्रेंस एग्जाम को दो बार पास किया। अनुराग अंततः 2018 में अखिल भारतीय रैंक 48वें के साथ आईएएस अधिकारी बन गए।

बिहार के कटिहार जिले के रहने वाले अनुराग कुमार ने 8वीं तक की पढ़ाई हिंदी मीडियम वाले स्कूल में की। इसके बाद उनका दाखिला अंग्रेजी माध्यम में हो गया। इस दौरान उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अनुराग ने कई साक्षात्कारों में स्वीकार किया कि वह शुरू से ही एक औसत छात्र थे। लेकिन, उनके अंदर एक जिद शुरू से ही थी। वे एक बार जब कुछ करने की ठान लेते, तो उसे हासिल करके ही दम लेते हैं। अनुराग कुमार ने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की और उनमें 90त्र अंक हासिल किए। 12वीं कक्षा में भी उन्हें 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले।

12वीं पास करने के बाद अनुराग ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में इकोनॉमिक्स से ग्रेजुएशन के लिए दाखिला लिया। घर से दूर दिल्ली में अनुराग का मन बिल्कुल नहीं लग रहा था। नतीजा ये हुआ कि वे ग्रेजुएशन में कई विषयों में फेल हो गए। हालांकि, घर वालों ने उन्हें समझाया और फिर उनका मन भी लग गया। बमुश्किल ग्रेजुएशन पास की।इसके बाद पोस्ट ग्रेजुएशन की पढाई के लिए प्रवेश लिया। अनुराग कुमार ने इसके बाद अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया। पोस्ट-ग्रेजुएशन के दौरान उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने का भी फैसला किया। पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद उन्होंने अपनी पूरी लगन और मेहनत क्चस्ञ्ठ की तैयारी में लगा दी।

कड़ी मेहनत से पढ़ाई की, नोट्स बनाए और अपना 100 प्रतिशत दिया। उन्होंने 2017 में अपने पहले ही प्रयास में,ड्डक्र677 के साथ यूपीएससी के लिए क्वालीफाई कर लिया। लेकिन, वे अपनी रैंक से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने फिर तैयारी शुरू कर दी। अपने दूसरे प्रयास में, उन्होंने 2018 की क्चस्ञ्ठ सीएसई परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 48वीं हासिल की। रैंक अच्छी थी तो उन्हें अपना गृह राज्य बिहार में सेवा करने का मौका मिला। अनुराग कुमार फ़िलहाल बिहार के बेतिया जिले में सहायक जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं।

# सारे पड़ोसियों से पाकिस्तान के बिगड़ते रिश्ते

**राजेश बादल**

पाकिस्तान अब चीन की राह पर चल पड़ा है।हम मान लें कि भारत के साथ उसके संबंध अब सुधरने वाले नहीं हैं। बाक़ी दो पड़ोसियों अफ़ग़ानिस्तान और ईरान भी इन दिनों उससे आगबबूला हैं। ख़ौफ़ का कारोबार करने वाले लश्करों ने अपनी पनाहग़ाह पाकिस्तान को तो पहले से ही निशाने पर ले लिया था।अब उनसे ईरान निपट रहा है। ताज़ा वारदात ने ईरान को इस बात के लिए मजबूर कर दिया है कि वह पाकिस्तान को अब तक की सबसे सख़्त धमकी दे।उसने पाकिस्तान से दो टूक कहा है कि उसका अपनी सीमाओं पर नियंत्रण नहीं रह गया है। वह अपराधियों को संरक्षण देने वाला मुज़रिम मुल्क़ है। वहाँ दहशतगर्द बड़े सुरक्षित रहते हैं। उन पर काबू पाने में पाकिस्तान सरकार नाकाम रही है। अब ईरान इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

ताज़ा वारदात ईरान के सिस्तान ङ्क बलूचिस्तान में हुई है। यह प्रान्त पाकिस्तान के क़ब्ज़े वाले बलूचिस्तान से सटा हुआ है। पाक के क़ब्ज़े की बात मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि यह प्रदेश हिंदुस्तान से अलग होते समय अँगरेज़ों ने पाकिस्तान को नहीं सौंपा था। बलूचिस्तान एक स्वतंत्र देश था और अँगरेज़ जब 1947 में अपने देश वापस गए तो बलूचिस्तान को आज़ाद कर गए थे। बाद में षड्यंत्रपूर्वक पाकिस्तान ने इस स्वतंत्र देश पर क़ब्ज़ा कर लिया। इसके बाद से ही वहाँ की अवाम पाकिस्तान से मुक्त होने के लिए छटपटा रही है। अनेक संगठन अपनी आज़ादी के लिए दशकों से वहाँ काम कर रहे हैं। इन संगठनों से लड़ने के लिए पाकिस्तान के अपने पैदा किए हुए भी कुछ गिरोह हैं ,जो ईरान भी जाकर मार करते हैं। इनमें से एक जैश अल अदल है। यह संगठन दक्षिण पूर्व ईरान में सक्रिय है।

ईरान ने इसे आतंकवादी संगठन घोषित किया है ,लेकिन पाकिस्तान उसके विरुद्ध कार्रवाई से बचता रहा है। इस उग्रवादी गैंग ने हाल ही में रास्क के पुलिस मुख्यालय पर हमला किया था। इसमें ईरान के ग्यारह सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई थी।अरसे बाद ईरान में इतना बड़ा आतंकवादी हमला हुआ है। इसके बाद ईरान ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया और उसकी भर्त्सना की।ईरान शिया बाहुल्य मुल्क़ है और पाकिस्तान में सुन्नियों का बोलबाला है। जैश अल अदल भी सुन्नी गिरोह है।उसने ईरान में बीते दिनों ईरानी सुरक्षा दलों पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। यह तथ्य छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में शियाओं की दुर्गति है।पाकिस्तान ने सुन्नी आतंकवादी गिरोहों को रोकने के लिए आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है।




ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने रास्क से जारी बयान में पाकिस्तान को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ईरान चाहेगा कि पाकिस्तान अपनी सीमा पर ऐसे उग्रवादियों का सफाया करे और उन्हें ईरान में नहीं घुसने दे।उन्होंने जोड़ा कि दुश्मन ने भारी हमले की तैयारी की थी। ईरानी गार्ड्स ने उसे विफल कर दिया। उन्होंने तो यह भी कहा कि शिया होने के कारण ही पाकिस्तान ऐसे संगठनों के ख़िलाफ़ कार्रवाई से बचता है।यही कारण है कि तीन चार महीने पहले इस संगठन ने चार पुलिस अधिकारियों कुमार डाला था ।उससे पहले मुठभेड़ में भी ईरान के छह वरिष्ठ पुलिस अफसर मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच वार्ताओं के दौर चले। मगर उनका नतीज़ा नहीं निकला। पाकिस्तान के रक्षा सचिव हमूद उज़ ज़मां ख़ान ने ईरान के उप रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल मेहदी फ़राही से मिलकर सफाई दी। पर, ईरान का ग़ुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है।

इस भीषण हमले के बाद पाकिस्तान बचाव की मुद्रा में है।उसके विदेश विभाग ने कहा है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए दोनों देशों को मिलकर काम करने की ज़रुरत है।लेकिन उसके पास इस आरोप का उत्तर नहीं है कि पाकिस्तान सुन्नी गिरोहों के ख़िलाफ़ कार्रवाई क्यों नहीं करता। इसके पीछे एक ठोस कारण और है। पाकिस्तानी फौज ही इन गिरोहों को संरक्षण देती आई है। फौज के आला अधिकारी सेना की नौकरी करने के साथ साथ कई धंधे भी करते हैं। इनमें अफ़ीम और हेरोइन की तस्करी, अवैध हथियारों का निर्माण और उनकी उग्रवादी संगठनों को तस्करी जैसे काली कमाई के स्रोत हैं। दशकों से यह सिलसिला चल रहा है। इसलिए पाकिस्तान की ओर से कार्रवाई तो होती है ,लेकिन वह सिर्फ़ दिखावे के लिए होती है। उसका कभी परिणाम देखने को नहीं मिला।

ग़ौरतलब है कि अफ़ग़ानिस्तान में सत्ता पर क़ाबिज़ तालिबान सरकार के साथ भी पाकिस्तान के रिश्ते बिगड़े हुए हैं। अफ़ग़ानिस्तान अपनी सीमा पर अशांति और तनाव के लिए भी लगातार पाकिस्तान को ज़िम्मेदार ठहराता रहा है। पाकिस्तान के अनेक नागरिक और सैनिक अफ़ग़ानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। इसके पीछे भी अफ़ीम और उसके सह उत्पादों की तस्करी है। पाक सेना इसमें शामिल है क्यों कि अफ़ग़ानिस्तान अफ़ीम के अवैध उत्पादन के लिए कुख्यात है। तीन महीने पहले अफ़ग़ानिस्तानी सुरक्षा बलों और पाकिस्तानी रेंजरों के बीच भीषण गोलीबारी हुई थी। इसके बाद तोरखम सीमा को एकदम सील कर दिया गया है।भारत के साथ पाकिस्तान के बिगड़े संबंध तो जगजाहिर हैं।आम तौर पर कहीं भी कार्यवाहक प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति कोई नीति विषयक बयान या निर्णय करता क्योंकि वह निर्वाचित नहीं होता।पाकिस्तानी संसद के चुनाव होने वाले हैं। इसलिए वहाँ के संविधान के मुताबिक़ एक काम चलाऊ प्रधानमंत्री चुनाव तक मुल्क़ का बोझ खींचता है। हाल ही में वहाँ के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक़ काकर ने अपने क़ब्ज़े वाले कश्मीर की विधानसभा में कहा कि भारत एक पाखंडी देश है। उसे संसार का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहना सबसे बड़ा झूठ है। साफ़ है कि पाकिस्तान अपने सारे पड़ोसियों को नाराज़ कर चुका है।हम चीन को उसका पड़ोसी इसलिए नहीं मान सकते क्योंकि उसकी जो सीमा चीन से लगती है, वह भारतीय क्षेत्र है और पाकिस्तान उस पर जबरन क़ब्ज़ा करके बैठा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# ट्रेन रुकीं पर स्टेशन पर दलालों ने अपना जाल फैलाया, आसपास के लोग हो रहे परेशान



**औबेदुल्लागंज।**.औबेदुल्लागंज में कोरोना के बाद लोगों को स्टेशन पर यात्री ट्रेनें रुकवाने के लिए बड़े जतन करने पड़े। जैसे-तैसे ट्रेन रुकीं तो, अब रिज़र्वेशन करवाने के लिए स्थानीय लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार औबेदुल्लागंज स्टेशन पर टिकट दलालों ने अपना जाल फैलाया हुआ है। स्थानीय लोगों के रिज़र्वेशन में परेशानी आ रही हैं वहिं, मण्डीदीप व भोपाल के रिज़र्वेशन औबेदुल्लागंज से करवाये जा रहे हैं। औबेदुल्लागंज में स्थानीय लोगों को रिज़र्वेशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक वाक्या बुधवार सुबह प्रत्यक्ष हुआ जब औबेदुल्लागंज निवासी व्यक्ति को रेलवे टिकट लेने के लिए बड़े जतन करने पड़े। ऊक्त बात के विरोध में नगर के कई नेता व समाजसेवी एकत्रित हुए एव्म चिंता जताई।

# सैनिकों की बहादुरी के किस्से सुनाए गए




धार। भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर करने और जीत हासिल करने के 53वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का सम्मान करने और युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम विगत 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नित्यानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों के साथ अपने विचार साझा करने भारतीय नौ सेना के कमांडर सुदीप बहादुर मौजूद थे। उन्होंने सैनिक के जीवन की यात्रा और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि जीवन में कभी हार मत मानो। उन्हें हमारे अतिथि के रूप में पाना सम्मान की बात थी। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी को एक लक्ष्य की ओर प्रेरित किया।

# डॉक्टर वैद का सम्मान



धार। श्री सिद्धि विनायक गणपति,बाबा धारनाथ,माँ गढ़ कालिका और सदुरु श्री नित्यानंद बाप जी की असीम कृपा से अखिल भारतीय बावीसा ब्राह्मण समाज शाखा धार द्वारा शाखा धार द्वारा प्रति वर्षा अनुसार इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर गुरु महाराज श्री नित्यानंद बाप जी श्री की महाआरती एवं विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ जिसमें बड़ी संख्या मेंबड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने भाग लिया एवं मातृशक्ति ने भजन कीर्तन कर वातावरण भक्तिमय कर दिया। इस आयोजन में कोरोना काल में निस्वार्थ सेवा करने वाले समाज के डा.श्री अभिषेक वैद्य का समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर स्व सहायता समूह बा वीसा ब्राह्मण समाज धार द्वारा ऑक्सीजन ष्थ्ठ्ह्यठ्ठह्लह्रुह्नश्रह्न , व्हील चेयर,2 पेशेंट् बेड लागत 55000/- धार समाज को प्रदान करी। अन्नकूट माहौत्सव की विशेषता यह थी की समाज बंधुओ ने परंपरानुसार प्रसादी पंगत मे बैठकर ली। इस सफल आयोजन को सफल बनाने में युवा कार्यकारिणी एवं महिला कार्यकारिणी का विशेष योगदान रहा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत लरगुंवा गोला पटी में कार्यक्रम संपन्न



दमोह। विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायत लरगुंवा गोला पटी पहुंचने पर प्रचार रथ द्वारा आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, किसान फसल सुरक्षा बीमा, पीएम सम्मान निधि, निःशुल्क अनाज आदि जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक कर वंचित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिये आग्रह किया गया। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त लाभार्थियों के साथ उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने के उद्देश्य से संवाद किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों का नामांकन भी किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें सरस्वती बंदना स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र बना। इस दौरान जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास, उप यंत्री नितेश असाटी, ग्राम पंचायत सरपंच सचिव सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों की मौजूदगी रही।

# नैनपुर से कन्या कुमारी से काशी ट्रेन का शुभारंभ

नैनपुर। बहुप्रतीक्षित दक्षिण भारत से उत्तर भारत के सीधे रेल सम्पर्क में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोहन दास मोदी के द्वारा झंडी दिखा कर रवाना की ग ई रेल अपने निर्धारित समय पर नैनपुर जंक्शन आगमन पर स्टेशन सलाहकार समिति एवं नागपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों,स्थानीय रेल अधिकारियों ने रेल यात्रियों का पुष्पगुच्छ,चाय बिस्कुट कोच में देकर यात्रियों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया द्य

**ताबड़तोड़ एक्शन**

# एसडीएम, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी की अपील का दिखा असर, स्वेच्छा से मंदिर-मस्जिद से उतारें लाउडस्पीकर

**बरेली** 7 मध्य प्रदेश में नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशों को लेकर पूरे प्रदेशभर में पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है. अब खुले में मांस-मटन-अंडे बेचने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है. साथ ही ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले लाउडस्पीकरों को भी उतारा जा रहा है

इसी क्रम में बरेली जाने विभाग में प्रशासन भी एक्शन मूड में है एसडीएम संतोष मुद्गल,एसडीओपी सुरेश कुमार दामले एवं थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने धर्म गुरुओं के साथ मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश का पालन करने में सहयोग करने की अपील की थी, जिसके बाद बरेली में प्रशासन की अपील का असर भी मंगलवार को देखने को मिला कस्बा बरेली में संकट मोचन हनुमान मन्दिर मे लगे 2 लाउडस्पीकर मे से 2 लाउड स्पीकर समिति प्रबंधन के द्वारा हटा लिए गया वहीं कस्बा बरेली मैं मंडी मस्जिद में लगे 6 लाउडस्पीकर मे से 4 लाउड स्पीकर मस्जिद कमेटी के द्वारा हटाएं गए तहसील बाड़ी उदयपुरा के धार्मिक स्थलों मंदिर मस्जिद के संचालकों द्वारा स्वयं अपनी स्वेच्छा से शांतिपूर्वक ध्वनि विस्तार यंत्रों को हटाया एवं कम किया गया वहीं नगर परिषद अमला द्वारा कस्बा बरेली में मीट मार्केट में 1 1 दुकानदार से ग्रीन मेट लगवाई गई एवं शेष दुकानदारों को ग्रीन मेट या अपारदर्शी कांच लगाने की समझाइश दी गई एवं एक



दुकान का लाइसेंस नही होने के पर बंद कराने की कारवाई की गई7 स्वेच्छा से लाउडस्पीकर उतारने पर पुलिस प्रशासन के एसडीओपी व एसडीएम ने धर्म गुरुओं के इस निर्णय सम्मान किया।

**इनका कहना है**

शासन के निर्देश अनुसार बरेली अनुविभाग क्षेत्र में तेज आवाज के लिए लगे सभी धार्मिक स्थानों से लाउडस्पीकरों को हटवाया जा रहा है। सभी लोगों का प्रशासन को भरपूर सहयोग मिल रहा है 7 जो लोग नियमों का उल्लघंन करेगा उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी 7

**संतोष मुद्गल,** एसडीएम बरेली

# विकसित भारत संकल्प यात्रा किसानों के बीच ड्रोन के माध्यम से दवा छिड़काव का प्रदर्शन

छतरपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है और योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सभी विकासखण्डों के ग्राम नीबीखेड़ा, अजीतपुर, छाईकुवा, मैलवार, गिलौहां, टहनगा, दरगुवां, वीरमपुरा, रगौली, डारगुवां, टुड़र, राजनगर के गोरा एवं छतरपुर के ग्राम गोरा, उदयपुरा बिकौरा एवं पुरमऊ पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। विकासखण्ड छतरपुर में ग्राम टुड़र में किसानों के बीच ड्रोन से दवा छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। किसानों को बताया गया कि किस तरह ड्रोन तकनीक किसानों के लिए किस तरह उपयोग हो सकती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों में लगी एलईडी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपने अनुभव साझा किये गये।

## आज विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**छतरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के सभी आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से एक ओर जहां योजनाओं और विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है वहीं लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ देने स्टॉल लगने से पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में 20 दिसंबर को यात्रा सोलह ग्रामों में पहुंचेगी। जिनमें महयावा, बसराही, परा, कर्री, दिदवारा, पुरा, पड़रिया, चाचईसेमरा, लखनगुवां, विजयपुर, महेबा, खरका, नहदौरा, प्रतापपुरा, मऊपुर एवं सैला शामिल है।

**ग्रामीणों ने लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप**

# मनरेगा के कार्यों को मशीनों से कराने का आरोप बछौन पंचायत का मामला

छतरपुर। छतरपुर जिले के लवकुशनगर जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की ग्रामीणों ने पोल खोल कर रख दी है। ग्राम पंचायत बछौन के ग्रामीणों ने सरपंच सचिव सहित सी ई ओ पर कई गंभीर आरोप लगाए है। पंचायत में विकास कार्य नहीं होने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले बछौन पंचायत में ग्रामीणों ने सी ई ओ हरीश केसरवानी और ग्राम पंचायत सरपंच पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है। ग्रामीणों ने बताया की गांव में सरपंच द्वारा कोई विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। वही अगर साफ सफाई की बात की जाए तो पूरे गांव में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। जगह जगह कीचड़ युक्त पानी भरा होने के कारण कई तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। यहाँ तक की ग्रामीणों का कहना है की सरपंच से कई बार शिकायत की गई की गांव में नाली का निर्माण कराया जाए, लेकिन सरपंच ग्रामीणों की शिकायत से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों का आरोप है की सरपंच द्वारा बोला गया है की जिन लोगों ने वोट नहीं दिए है उनके यहां कोई विकास कार्य नहीं करूँगा। जनपद पंचायत सी ई ओ हरीश केसरवानी और सरपंच की मिलीभगत के चलते मनरेगा में आने वाले तालाबों को एल एन टी मशीन से खुदाई करा कर गरीब मजदूरों की राशि को डकार लिया गया है। गांव में नाली और सीसी रोड़ नहीं होने से जगह जगह गंदे पानी का भराव हो रहा है। इस सम्बन्ध में कई बार सरपंच सचिव सहित सी ई ओ को जानकारी दी गई, लेकिन सरपंच द्वारा विकास कार्यों को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों ने सरपंच सचिव सहित जनपद सी ई ओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपना रोष व्याप्त कर रहे है। अब देखना यह होगा की ग्रामीणों के रोष के बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान देता है या फिर इसी तरह से भ्रष्टाचार चरम पर रहेगा।

# घेराबंदी कर बरेली पुलिस ने शातिर बदमाश को ? पकड़ा, आतंक का पर्याय बन चुका था आरोपी

## एसडीओपी सुरेश दामले एवं थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया के नेतृत्व में हुई बड़ी कार्यवाही

बरेली7 मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस एक्शन मोड मैं नजर आने लगी है रायसेन जिले में एसपी विकास साहिवाल के नेतृत्व में लगातार रायसेन पुलिस कार्रवाई कर रही है बरेली पुलिस ने फरियादी देवेन्द्र धाकड की रिपोर्ट पर थाना बरेली में अपराध क्रं 686/23 धारा 341,327,294,323,506,34 भादवि का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसेन कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में एसडीओपी बरेली सुरेश कुमार दामले एवं थाना प्रभारी बरेली निरीक्षक सुधीर अरजरिया के द्वारा पुलिस टीम गठित कर आदतन आरोपियो की तलाश/पतारसी प्रारंभ की गई 7 किनगी रोड पर पुलिस चेंकिग के दौरान स्टाफ उनि बलराम धाडसे, प्रआर प्रेमसिंह राजपूत, प्रआर गोविंद वरदे, सैनिक शुभम राजपूत ने एक बलेनो वाहन बडी तेजी से पुलिस स्टाफ को कट मारते हुए निकला, जिसपर पुलिस को संदेह होने पर तत्काल मौजूद स्टाफ द्वारा अपने वाहनो से पीछा किया तो वाहन चालक ने अपने वाहन को पहले छींद मंदिर रोड पर डाल दिया, लेकिन जब सामने से आ रही पुलिस की दो टीमो को आते देखा तब



वाहन चालक ने भोडिया गावं के अंदर गाडी डाल दी किंतु उसकी बदकिस्मती से सामने ट्रेक्टर ट्राली आ जाने के कारण नाली में उसका वाहन फस गया, तब सर्तकता पूर्वक दोनो पुलिस टीम ने वाहन चालक को बाहर आने पर पकडा तब ज्ञात हुआ यह इलाके का शातिर बदमाश रोहित राजपूत निवासी मेहरागावं है उसका एक साथी योगेश राजपूत भी वाहन में था । दोनो को थाने लेकर आया गया और पूछताछ की गई तो थाने में पूर्व से लंबित अपराध में दोनो वांछित थे।? उक्त कार्यवाही में थाना बरेली के थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया के अलावा सउनि अरविंद पांडे, सउनि संतोष चौहान, प्रआर गोविंद वरदे, प्रआर सौमित्र सोनी, आर 275 मुकेश पटेल, सैनिक शुभम राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । वरिष्ठ अधिकारियो के द्वारा बरेली पुलिस टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है ।

# छतरपुर के आदित्य को राष्ट्रपति ने दिया गोल्ड मैडल

छतरपुर। शहर के गल्ला मंडी निवासी श्यामा चरण अग्रवाल के पौत्र और सविता-सीताराम अग्रवाल के पुत्र आदित्य अग्रवाल ने आईआईटी खड़गपुर में बैचलर डिग्री परीक्षा के 2023 के बैच में टॉप किया है। आईआईटी खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदित्य को गोल्ड मेडल प्रदान कर



सम्मानित किया। हटवारा निवासी स्व. चौधरी माखनलाल अग्रवाल के नाती आदित्य अग्रवाल ने आईआईटी खड़गपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया हैं। आदित्य ने न केवल अग्रवाल समाज और छतरपुर का नाम रोशन किया बल्कि पूरे बुंदेलखंड का नाम गौरवान्वित किया है। आदित्य पिता सीताराम अग्रवाल भी आईआईटियन हैं।

# वैश्य महासम्मेलन की बैठक हुई संपन्न नए वर्ष के कैलेंडर का हुआ विमोचन

छतरपुर/नौगांव रोड स्थित रीजेंसी होटल में वैश्य महासम्मेलन नगर इकाई की बैठक संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महिला महामंत्री पन्ना जिले से आशा गुप्ता वैश्य महासम्मेलन,प्रदेश महामंत्री गोविंददास असाटी, प्रदेश मंत्री जय नारायण अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता विमल जैन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा पाटकर प्रमुख रूप से मंच पर उपस्थित रहे सबसे पहले मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रचलन कर बैठक की शुरुआत हुई उसके बाद मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का नगर की पदाधिकारी के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया मंच का संचालन प्रशासनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुमति प्रकाश जैन ने किया नगर सचिव आनंद अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त ने किया आज वैश्य महासम्मेलन संगठन के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार समूचे जिले में सामूहिक रूप से प्रति वर्ष होने वाले नए साल के कैलेंडर का विमोचन किया गया बैठक में सभी ने अपने-अपने बैठक में विचार रखें वरिष्ट पदाधिकारियों के द्वारा संगठन को आगे बढ़ाने एवम एकजुट होकर रहने तथा संगठन के विस्तार करने हेतु सभी को मार्गदर्शन दिया गया एवं एक जुट होने का मंत्र दिया गया इस अवसर पर पन्ना जिले की महिला अध्यक्ष मंजू लता जैन जिला प्रभारी आशा साहू उपाध्यक्ष मिले प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सपना गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार हरिप्रकाश अग्रवाल सुरेंद्र अग्रवाल सुरेंद्र अग्रवाल भगवत शरण अग्रवाल विनोद टिकरिया जयकुमार जैन रामकुमार गुप्ता राजेंद्र



अग्रवाल पूरन गुप्ता मनीष गुप्ता भोले प्रमोद गुप्ता सोनू विकास गुप्ता नीलू पिपरसानिया रिंकू असाटी संतोष रूसिया मुकेश डेवाडिया अनुपम टिकरिया सीताराम असाटी महेंद्र अग्रवाल मनोज महतो संजीव नगरिया पंकज पहारिया अंचल जैन अशोक कुमार राय लालू गुप्ता कृष्ण कुमार रावत महेश बहरंगगढ़ी सहित वैश्य महासम्मेलन के सदस्य उपस्थित रहे

**24वां खेल चेतना मेला 9 से 12 जनवरी 2024 को होगा**

# क्रीड़ा भारती और चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का आयोजन

रतलाम । क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के तत्वावधान में 24वां खेल चेतना मेला 9 से 12 जनवरी 2024 तक होगा। इसकी तैयारियों के संबंध में आयोजन समिति के खेल सलाहकार, संयोजक एवं सहसंयोजकों की बैठक संपन्न हुई। इसमें खेल मेले की तैयारियों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

खेल चेतना मेला समिति सचिव मुकेश जैन ने बताया कि 24वां खेल चेतना मेला के शुभारंभ से पूर्व खेल संयोजकों द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर 27 दिसंबर से 3 जनवरी तक शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर होंगे। बैठक में खेल संयोजक, सहसंयोजक स्कूलों से चर्चा कर खेल मैदानों की स्थिति की जानकारी जुटाने के साथ आवश्यकता अनुसार मैदानों को तैयार कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में खेल संयोजक और सहसंयोजकों ने भी अपने सुझाव दिए। उक्त सुझावों के आधार पर समिति सदस्यों ने उन पर चर्चा कर निर्णय लिए।

क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के खेल चेतना मेला में शहर के सभी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खेल मेले में इस बार भी गत वर्ष की तरह 18 खेलों में 7 हजार से अधिक बच्चों की सहभागिता होगी। इसमें योग, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बेडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, व्हॉलीवॉल, शतरंज, तैराकी, मलखंब, स्केटिंग, शूटिंग, शरीर सौष्टव की स्पर्धाएं आयोजित होगी। समस्त अभिभावकों, स्कूल संचालक व प्राचार्यो से आयोजन समिति ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें और मैदान तक लाए।

स्पर्धा शहर के नेहरू स्टेडियम, अंबेडकर खेल मैदान, रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट, काश्यप सभागृह, विधायक सभागृह, संतकंवरराम नगर, लॉ कॉलेज सहित विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित होगी। बैठक में खेल चेतना मेला सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, आर.सी. तिवारी, देवेंद्र वाधवा, अखिलेश गुप्ता, प्रकाश व्यास, जगदीश श्रीवास्तव, गुलाम मोहम्मद, प्रद्युम्न मजावदिया, अमरीक राणा, राकेश शर्मा, पप्पू मेहता, जितेंद्र धुलिया, जितेंद्र सिंह राणावत, बबलू तिवारी, नरेंद्र राव, कंवलजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने बीती रात निरीक्षण कर जरूरत मंद बुजुर्गों को कंबल वितरण किये



**इटारसी-** बीती रात एसडीएम नीता कोरी ने बाजार की सड़कों पर पैदल भृमण किया। ठंड को देखते हुये एसडीएम नीता कोरी और पुलिस ने बाजार की सड़कों पर सयुक्त रूप से पैदल निरीक्षण किया।इस दौरान बाजार की सड़कों पर ठंड से कंपकंपाते हुये गरीब जरूरत मंद बुजुर्गों को एसडीएम ने गर्म कंबलों का वितरण किया।वही कुछ बाजार के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को ठंड से बचाने अलाव की व्यवस्था एसडीएम द्वारा नगरपालिका के सहयोग से कराई।इस दौरान एसडीएम के साथ एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान,टीआई गौरव बुंदेला,समाजसेवी जसवीर छाबड़ा, मनीष ठाकुर उपस्थित रहे।

**पश्चिम मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांकः WCR-CRWS-BOGIESTRIP-23-37

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों स आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** स्ट्रिपिंग, क्लीनिंग एंड पेंटिंग वर्क ऑफ आईसीएफ एंड एलएचबी बोगीज एंड देयर कम्पोनेंट्स एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागतः** रू. 2,87,46,175.92, **निविदा फॉर्म का मूल्यः** रू. 0.00, **धरोहर राशिः** रू. 2,93,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 20.12.2023/03.01.2024 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 03.01.2024 16.00 बजे, निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

**मुख्य कारखाना प्रबंधक/सडिपुका/ निशातपुरा, पमरे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# नगर के 13 बस्ती केन्द्रों तक अक्षत कलश पहुंचे, सिंधी कॉलोनी मंदिर में हुआ पूजन

**इटारसी-** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आयें पूजित अक्षत कलशों की कल श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कालोनी में पूजन का कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष धर्मदास जी मिहानी नगर संघ चालक प्रकाश जी ताम्रकर विहिप नगर कार्याध्यक्ष महेश जी वालेचानी के द्वारा किया गया।

नगर की 13 बस्ती से आये राम भक्तों को संबोधन करते हुये प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा करने वाली आत्मा पुनः नया जन्म लेकर धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिये संघर्ष करती है, हमारे के पुरखों एवं पूज्य संतों की कृपा से वो परम सौभाग्य दिवस के हम सभी साक्षी बनने वाले जब 22 जनवरी को 497 सालों के बाद प्रभु श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराजमान हो रहे है।

इस अलौकिक उत्सव में सकल हिन्दू समाज की सहभाग हो इस पावन उद्देश्यों से जो अक्षत कलश में भेजे गये है, उनको हर हिन्दू परिवार में देकर आग्रह किया कि अपने मोहल्ले का मंदिर और घर राममय हो।

अक्षत कलश बस्ती केन्द्रों के मंदिर में दर्शन के लिये रखे जायेंगे और 1 से 15 जनवरी तक हिन्दू परिवारों से सम्पर्क कर उन्हें पीले चांवल का न्यौता दिया जायेगा। निम्न बस्तीयो से आये संयोजक एवं सह संयोजकों केशव बस्ती- अवधेश मालवीय,राजेश कोरी, माधव बस्ती- राजकुमार मालवीय,जयदीप भगतसिंह बस्ती- राजेश यादव, शिवा सराठे, श्रीकृष्ण बस्ती- ब्रजेश यादव,आकाश यादव, वीर सावरकर (यार्ड) बस्ती- भवानी कहार,कृष्णा यादव आयुध नगर- अमित बाजपेयी, अखिलेश तिवारी को अक्षत कलश सौपे गये।

उक्ताशय की जानकारी संयुक्त रूप से देते हुये जिला मंत्री प्रभात तिवारी, अभियान के जिला सह संयोजक मनोज राय नगर मंत्री चेतन राजपूत, अभियान के नगर सह संयोजक अनिल गेलानी ने नगर के सभी जाति बिरादरी के प्रमुख, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रमुखों से रामकार्य में सहयोग का आग्रह किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 1743/अ-6/2023-24

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अतुल शर्मा पुत्र श्री अवध नारायण शर्मा व अन्य निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम कटारा प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नंबर 107/2, 109/2, एवं 110 का भाग भूखण्ड क्रमांक 03 सेक्टर 7 जिसका क्षेत्रफल 87.82 वर्ग मीटर का फौती नामांतरण/ नामांतरण विक्रय पत्र के आधार राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 27.12.2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय में पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.12.2023 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

## मंदिरों में जलाए जाएंगे 11हजार दीप

### राममंदिर निर्माण पर पुजारी संघ ने लिया निर्णय



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ की शिव मंदिर में बैठक हुई जिसमें अयोध्या महानगरी भगवान श्री रामचंद्र जी का मंदिर संपूर्ण होने पर निर्णय लिया गया कि 5008 पाठ, राम रक्षा सूत्र एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। जिसमे जिले के सभी मंदिरों में 11 000 हजार दीप प्रज्वलित करेंगे,बैठक में जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी के साथ जिला भर के ब्राह्मण देवता सम्मिलित हुए जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी,नगर अध्यक्ष नंदू शर्मा ,पंडित मुकेश तिवारी, पंडित अभिषेक त्रिवेदी, पंडित रामायण द्विवेदी, पंडित शिव शंकर मिश्रा ,पंडित राम शंकर बाजपेई, पंडित राजेश द्विवेदी सहित समस्त ब्राह्मण देवता के द्वारा संकल्प लिया गया ।

## अलाव जलाने की उठ रही मांग, कड़कड़ाती हुई ठंड में ठिठुर रहे हैं लोग

**दमुआ।** शीत ऋतु के इस ठंड के मौसम में लोग ठंडी से ठिठुर रहे हैं शाम से लेकर रात और रात से लेकर सुबह तक सर्द हवाओं के चलते आमजन लोग नागरिक गण एवं ग्रामीण जन भी ठंडी पड़ने से ठिठुर रहे हैं और कड़कड़ाती ठंड में कपकपा रहे हैं आम जनमानस हलाकान एवं परेशान हो गया है ग्रामीण जन जब बाहर छिंदवाड़ा, जबलपुर, इंदौर, भोपाल , इटारसी, नागपुर आदि महानगरों की ओर जाते हैं और कोर्ट कचहरी अदालत जाते हैं जैसे मामलों में अपने आवश्यक काम निपटाने पहुंचते हैं तो वापस आने पर उन्हें रात हो जाती है और फिर वहां घर जाने के लिए उन्हें कोई साधन उपलब्ध नहीं रहता ऐसी हालत में बेचारे ग्रामीण जनों को दमुआ के ही चौक चौराहे, रेन बसेरा में उन्हें डेरा डालना पड़ता है जिसके कारण वह कपकपाती ठंड में ठिठुरते व परेशान होते हैं इसीलिए नगर पालिका दमुआ प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों एवं पार्षद गण अध्यक्ष सभापति गण जनप्रतिनिधि गण आदि सभी को सोचना चाहिए कि दमुआ शहर के चौक चौराहे मुख्य स्थान जैसे इंदिरा चौक, रैन बसेरा बैरियर क्षेत्र ,दमुआ नंबर 08 का क्षेत्र,नंदन चौक चौराहे पर, माइनस चौक चौराहे पर ,वाशरी चौक चौराहे पर, पुराना दमुआ चौक चौराहे पर, 22-23 खदान के पास रामनगर क्षेत्र में चौक चौराहे पर नंदौरा सहित अन्य 18 वार्डों में मुख्य स्थलों पर में अलाव की व्यवस्था करना चाहिए जिससे कि उनको राहत मिल सके ।कई बार ग्रामीण जन दूर दराज इलाकों से आकर दमुआ क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं और अस्पताल में एडमिट रहते हैं उनके साथ कुछ परिवार जनों के लोग भी उपस्थित रहते हैं जहां उन्हें रात के वक्त कड़कड़ाती ठंड में रात गुजारनी पड़ती है ऐसी परिस्थितियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास भी अलाव की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

# बिजली के वोल्टेज की समस्या दूर करने की मुख्यमंत्री से ग्रामीणों ने की मांग

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसंवाद के पूर्व गांगो दाई का किया पूजन



छिन्दवाड़ा। प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जिला पांढुर्णा पहुंचे और पांढुर्णा जनपद के जनजातीय ग्राम पाठई में ग्रामीणों से जनसंवाद किया। जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भवन के समीप स्थित परिसर में किया गया था। जनसंवाद के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वन टू वन चर्चा की और ना केवल उनकी समस्याओं को जाना, बल्कि उनके निराकरण के सुझाव लेकर हर संभव प्रयास के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के ग्राम पाठई पहुंचने पर उत्साहित जनजातीय ग्रामीणों ने गेंडी लोक नृत्य और ढोल बाजे से उनका आत्मीय स्वागत किया।जनसंवाद के पूर्व उन्होंने ग्राम पाठई के जनजातीय देव स्थल गांगो दाई की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुवात कन्या पूजन और मां सरस्वती के पूजन से की गई। मुख्यमंत्री जी को जनप्रतिनिधियों ने जामसांवली के श्री हनुमान मंदिर का चित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया।

जनसंवाद में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, कृषक कौन-कौन सी फसलें उत्पादित करते हैं आदि की जानकारी प्राप्त की। कृषक राहुल कुमार वसूले ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदीजी की प्रेरणा से वे वर्ष 2018 से लगभग 10 एकड़ जमीन में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। जिसमें प्राकृतिक पद्धति से सब्जियों और 9 प्रकार के अन्न का उत्पादन कर लाभ कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना का लाभ लेकर एक यूनिट की स्थापना की है, जिसमें नवरत्न आटा और मल्टीग्रेन आटा तैयार करने का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के उत्पादों को और बेहतर मूल्य दिलाने का सुझाव दिया, जिससे अन्य कृषक भी प्रेरित होकर भूमि और प्रकृति की सुरक्षा में सहयोग दे सकें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कृषक वसूले द्वारा की जा रही प्राकृतिक खेती की सराहना की ।

### संतरे का उचित मूल्य मिले

ग्रामीणों ने क्षेत्र में कपास और संतरे की अच्छी उत्पादकता की जानकारी दी और मुख्यमंत्री डॉ.यादव से संतरे का उचित मूल्य दिलाने, कपास में लगे टेक्स को दूर करने, बिजली के वोल्टेज की समस्या को दूर करने की मांग की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि आपकी समस्यायें दूर करने के लिये ही मैं भोपाल से आपके गांव आया हूं। यह तो केवल शुरुवात है। आपके बीच पहुंचकर आपसे बात अब लगातार होगी। आपकी परेशानी, कठिनाई को आपसे जानकर, समझकर उसे दूर करेंगे। बुजुर्गों, महिलाओं, गरीबों, युवा सभी के लिए जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी कार्य कर रहे हैं, उसी तरह हम भी आपके विकास के लिये लगातार कार्य करेंगे। विकास के कोई काम बाधित नहीं होंगे।

### नामान्तरण के लिए पटवारी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने लोगों से कहा कि इस चर्चा का नाम जनसंवाद दिया है। नये तथा छोटे जिलों की कई नई कठिनाइयां हैं, उनकी समस्याओं को दूर करना भी अपना दायित्व है। इसीलिए आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा और आपकी कठिनाइयों, समस्यायों को दूर करूंगा। आप सभी मेरे भाई-बहन हैं। उन्होंने ग्रामीणों के लिए उपयोगी जानकारी देते हुए बताया कि जमीन की रजिस्ट्री के बाद अब नामांतरण के लिये पटवारी के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। एक बार रजिस्ट्री हो गई, तो पटवारी को खुद नामांतरण करना होगा। लापरवाहों को कोई छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने कलेक्टर से भी कहा कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठायें और शासन के प्रत्येक निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। शासकीय अधिकारी कर्मचारी आमजन की समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। जनता के हित के लिये जो बेहतर होगा वे उसे





करने के लिये प्रतिबध्द हैं। लापरवाही पर किसी को भी कोई छूट नहीं है, कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### प्रमाण पत्र वितरण

जनसंवाद कार्यक्रम में ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनने की उपलब्धि पर ग्राम पंचायत पाठई के सरपंच तिलकराम कोराची और ग्राम पंचायत कौडिया की सरपंच श्रीमती रयवंती उईके को अभिनंदन पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इसी तरह सराहनीय कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूहों और कक्षा 8 वीं, 10 वीं और कक्षा 11 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली क्षेत्र की मेधावी छात्राओं कु दीपमाला डोंगरे, अंजुली धुर्वे, खुशबू मालवीय, सलोनी सूर्यवंशी, निधि डोंगरे को प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के तहत ग्राम पाठई के हितग्राही चचकेश सूर्यवंशी को 24 लाख रुपए की लोडिंग गाड़ी की चाबी सौंपी गई।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

हेलीपैड एवं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री नाना भाऊ माहोड़, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य विवेक साहू व शेष राव यादव, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम छिंदवाड़ा विवेक पांडे, टीकाराम चंद्रवंशी, श्रीमती ज्योति डेहरिया, सुश्री मोनिका बट्टी, लखन वर्मा, प्रकाश उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जबलपुर कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी उमेश जोगा, डीआईजी सचिन अतुलकर, पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा, छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा, एसडीएम पांढुर्णा राजीव रंजन पांडे, सीईओ जनपद पंचायत पांढुर्णा ललित चौधरी सहित सभी संबंधित अधिकारी व ग्राम पंचायत पठाई और कौड़िया के ग्रामीण उपस्थित थे।



## आध्यात्मवादी संत सद्गुरु तरण स्वामी की जन्म जयंती पर निकाल रजत जिनवाणी पालकी की शोभायात्रा

अमरवाड़ा। 16 शताब्दी के महान संत सद्गुरु तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज की 575 भी जन्म जयंती अघन सुधी सप्तमी को बड़े ही हर्ष पूर्वक मनाई गई अमरवाड़ा तारण तरण जैन समाज द्वारा मंदिर में सुबह से ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देवांगली पूजा झंडा वंदन रजत जिनवाणी पालकी शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग आजाद वार्ड फब्बारा चौक गंज बाजार साहू मोहल्ला होते हुए जैन मंदिर पहुंची जहां मंदिर विधि के साथ जिनवाणी को पालना में झुलाया गया आरती संपन्न हुई वहीं रजत जिनवाणी पाल की शोभायात्रा में लोगों ने अपने घरों के सामने जिनवाणी की बड़े भक्ति भाव के साथ आरती की वही बड़ी संख्या में समाज बंधु शोभायात्रा में शामिल हुए वहीं सामाजिक सोल्पाहार के साथ रात्रि में मंदिर की में भजन संध्या का आयोजन हुआ

## वर्षा नही होने की संभावना

छिंदवाड़ा। भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान ( 20 से 24 दिसम्बर ) हल्के से साफ बादल रहने एवं वर्षा नही होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 23-25 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 09-10 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 67-72 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 45-48 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा उत्तर-पूर्व एवं पूर्व दिशाओ में बहने एवं 05-09 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## नगर निगम का फेक विज्ञापन नही हो रही स्टेनों की भर्ती



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम द्वारा स्टेनों टाईपिस्ट की भर्ती का एक विज्ञापन फेस बुक पर प्रकाशित किया गया है, जिसको लेकर युवा भ्रमित हो रहे है, कुछ दलाल नौकरी लगाने के लिए सक्रिय भी हो गये है। इस संबंध में कार्यालय अधीक्षक मोहन नाग से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि नगर निगम द्वारा किसी भी तरह की भर्ती नहीं हो रही है। विज्ञापन नगर निगम के नाम से प्रकाशित किया गया है वह फैक है।

## पूर्व विधायक के भाजपा कार्यालय आने पर हुआ विरोध जमकर हुई गाली गलौज

### चुनाव में काम नहीं करने का आरोप

**परासिया।** विधानसभा चुनाव के समय से परासिया भाजपा में जो विवाद शुरू हुआ द्य वह चुनाव बीत जाने के बाद भी थमने की बजह और ज्यादा बढ़ रहा है। पहले विवाद का कारण था । विधानसभा की टिकट पर लगातार दो बार चुनाव हारने के बाद इस बार के विधान सभा चुनाव में पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया को टिकट नहीं दी गई पार्टी ने महिला उम्मीदवार ज्योति डहेरिया को टिकट दी लेकिन चुनाव को लेकर पार्टी एकजुट नहीं रही टिकट नहीं मिलने के कारण ताराचंद बावरिया घर बैठ गए वहीं उनके समर्थक भी चुनाव में सक्रिय नहीं दिखाई दिए कुल मिलाकर भाजपा चुनाव में दो फाड़ रही जिसका नुकसान चुनाव में होने के कारण ज्योति डेहरिया 2100 वोटो से चुनाव हार गई इस बात को लेकर आपसी गुटबाजी और ज्यादा चरम पर पहुंच गई है अब नया विवाद दोनों गुटों के बीच भाजपा कार्यालय में वर्चस्व को लेकर हो रहा है ।मंगलवार को ताराचंद बावरिया जब भाजपा कार्यालय पहुंचे तो उनके आगमन को लेकर ज्योति समर्थकों ने आपत्ति ली जिसका परिणाम यह रहा की ज्योति समर्थक एवं बावरिया समर्थकों के बीच शुरू हुई बहस बाजी गाली गलौज तक पहुंच गई अतः किसी तरह बीच बचाव से मामला शांत हुआ दर्शल पूरे चुनाव के दौरान ताराचंद बावरिया कभी भी भाजपा कार्यालय नहीं आए उनके खास समर्थक राजेश दुबे जो कि शहरी मंडल अध्यक्ष है ।वे ही कार्यालय में नियमित रूप से आते थे ।जबकि चुनाव के दौरान ज्योति डहेरिया के समर्थक भाजपा कार्यालय में बैठकर चुनाव का प्रबन्ध संभालते रहे चुनाव में भाजपा की हार के बाद उम्मीदवार रही ज्योति डहेरिया अब नियमित रूप से भाजपा कार्यालय में बैठ रही है ।रोजाना उनके समर्थक विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय आ रहे हैं ।जबकि विधानसभा चुनाव के पहले तक भाजपा कार्यालय में ताराचंद बावरिया रोज आकर बैठते थे लेकिन चुनाव के बाद परिस्थितिया बदलने के साथ ही भाजपा कार्यालय में ज्योति डहेरिया का वर्चस्व बढ़ने लगा है आज अचानक जब ताराचंद बावरिया भाजपा कार्यालय पहुंचे तो विवाद की स्थिति बन गई जानकार सूत्रों का कहना है द्य कि नजदीक ही लोकसभा चुनाव है अब मान जा रहा है कि भाजपा कार्यालय में वर्चस्व को लेकर ज्योति एवं बावरिया समर्थको के बीच किसी भी दिन बडा विवाद हो सकता है प्रत्यक्ष दर्शीयो ने बताया कि भाजपा कार्यालय के पास जी,एम ,ऑफिस के सामने चांदामेटा से आए भाजपा कार्यकर्ताओं का काफी बड़ा जमावडा दिखाई दिया जो लड़ने की स्थिति में था। इस बारे में भाजपा युवा नेता राजकुमार सिंह से पूछा गया तो उसने बताया कि हम लोग गुमठि मे चाय पीने आए थे ऐसा कुछ भी नहीं है ।झगड़े के समय ज्योति डहेरिया कार्यालय में उपस्थित नहीं थी। बताया जा रहा है कि ज्योति डहेरिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पांढुर्णा गई हुई है। लेकिन विवादी मामलों को नजरअंदाज किया जाये तो बाद में इस प्रकार की और भी गंभीर घटना की स्थिति बन सकती है

## कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्याएं सुनी गई

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में आज जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, आवासीय पट्टा प्रदाय करने, अवैध कब्जा हटाने, मजदूरी की राशि दिलाने, संबल योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। अतिरिक्त कलेक्टर श्री बोपचे ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम गैलडुब्बा की सुश्री सरोजिया भारती ने पुन~ नौकरी पर रखे जाने, ग्राम कुण्डालीकला के श्री रायसिंग विश्वकर्मा ने शासकीय भूमि से कब्जा हटाने, ग्राम गंगई की श्रीमती समतरी बाई ने दिव्यांगता पेंशन व पोषण आहार की राशि दिलाने, आदि मांग की।

## सीआईएसएफ की तैनाती पर डब्ल्यूसीएल कर रही लाखों खर्च



**जुन्नारदेव।** उप क्षेत्र अंम्बाड़ा में जो सी.आई.एस.एफ. तैनात है, प्रतिमाह कंपनी का उस पर लाखों रुपए का खर्च हो रहा है, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस बात को सोचने विवश है ,कि कंपनी से प्रतिमाह लाखों रुपए ले किस बात की सुरक्षा सी.आई.एस.एफ. द्वारा की जा रही है जबाक क्षेत्र में ना तो खदाने हैं ,ना तो कोयले का उत्पादन ही हो रहा है ,प्रातः स्नान कर नाश्ता एवं दोपहर में भोजन बाद में दिन में फोर व्हीलर में घूमना सिर्फ यही कार्य है, जिसका यह प्रतिमाह कंपनी से लाखों रुपए ले रहे हैं,नागपुर मुख्यालय इस बात को जानता है, उसके पश्चात भी अनदेखी समझ के परे हैं, इस बात से यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि नागपुर मुख्यालय एवं सी.आई.एस.एफ. के बीच कुछ घालमेल है ,इस बात को ले लोग कोयला मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिख चुके हैं, ताकि जांच हो सके।सनद रहे कि समूचा कान्हान क्षेत्र जो मोहन कालरी उप क्षेत्र अंम्बाड़ा से जो शुरू होता है ,वह जुन्नारदेव ,डूंगरिया ,घोड़ावाड़ी, दमुआ, नंदन ,और तानसी क्षेत्र में जा समाप्त होता है ,आज से 35 से 40 वर्ष पीछे का समय क्षेत्र का देखे तो उस क्षेत्र में कोयले की भूमिगत से ले ओपन कास्ट खदानें ने पर्याप्त में चल रही थी, जहां श्रम शक्ति की मात्रा भी पर्याप्त थी, जिससे समूचे क्षेत्र गुलजार था ,क्षेत्र में रौनक से ले चहल पहल बराबर बनी हुई थी, क्षेत्र का व्यापार भी अच्छा चल रहा था।

### सीआईएसफ नहीं थी तैनात

आज से 35 से 40 वर्ष पूर्व कान्हान क्षेत्र का भविष्य नंबर वन था, खदानों से श्रम शक्ति की मात्रा पर्याप्त थी ,इस क्षेत्र से कोयला भी भारी मात्रा में निकल रहा था ,उस समय यदि सी.आई. एस. एफ .तैनात होती तो समझ में भी आता।

### उजड़ने पर तैनात है सी.आई.एस.एफ.

कन्हान क्षेत्र हो या उप क्षेत्र अंम्बाड़ा का वर्तमान समय देखे खदानें बंद हो गयी ,कोयले का उत्पादन भी नहीं हो रहा है ,ऐसे समय में सी.आई.एस.एफ .तैनात है ,जो समझ से परे नजर आता है।

### करोड़ो रुपए का खर्च है सीआईएसएफ पर

वर्तमान समय में क्षेत्र में जो सी.आई.एफ . एस.तैनात है ,उस पर कंपनी का प्रतिवर्ष करोड़ों एवं प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च कंपनी पर बैठता है।

### कोयला मंत्रालय हो गई शिकायत

इस समय क्षेत्र में जो सी.आई.एस.एफ. तैनात है, इस बात की शिकायत कोयला मंत्रालय में हो गई है ,जिसमें यह बात स्पष्ट है, कि इस फिजूल खर्ची में मुख्यालय नागपुर का कुछ घालमेल है ,क्योंकि उनका कार्य कुछ भी नहीं है, सी आई एस एफ नहीं सिर्फ क्षेत्र में जितने वर्षों से तैनात है ,उतने प्रकरण भी दर्ज नहीं कर पाई, कोयला चोरी उसे समय से ले आज भी बड़े पैमाने पर हो रही है, उनकी तैनाती पर भी कोई अंकुश नहीं है।

## एक तरफा मुकाबले में डीडीसी जीता



**छिंदवाड़ा।** पंचवेली महाविद्यालय परासिया के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ नन्दिता त्रिवेदी के निर्देशन में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज डीडीसी छिंदवाड़ा एवं शासकीय महाविद्यालय चौरई के मध्य मैच खेला गया सुबह जब टास हुआ तो सिक्का डीडीसी के पक्ष में गिरा और डी डीसी कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया शुरू में जल्द ही पहला विकेट होने के बाद डीसी ने संभालते हुए निर्धारित 20 ओवरों में मानव शर्मा एवं अंचित ठाकुर के पचासा के मदद से अपने टीम का स्कोर तीन विकेट खोकर 194 रन बनाएं मानव शर्मा ने 56 अंचित ने 54 रन बनाए मैच प्रारंभ के अवसर पर श्री शरद स्टीफन डॉ अजय सिंह ठाकुर डा राजेन्द्र झाझोट डॉ प्रदीप पटवारी डॉ नीलेश मेश्राम मैच में अंपायर नईम खान एवं मनीष बदेंवार स्कोरर सत्यम लोकेश रहे जवाबी पारी खेलते हुए शासकीय महाविद्यालय चौरई ने 100 रन बनाए इस तरह डीडीसी 94 रन से विजय रहा चौरई की ओर से विशाल ने सर्वाधिक 18 रन बनाएं विशाल के अतिरिक्त अन्य कोई भी बल्लेबाज दाही अंक में नहीं पहुंच सका डी डी सी ने 51 रन वाइड और वाई के लिए अतिरिक्त अंचित ठाकुर ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए मैदान व्यवस्था रोहित धुर्वे पवन वागडे देख रहे हैं टीम मैनेजर माइक प्रकाश संगठन सचिव मुकेश सोनी ने बताया कि कल पेंच व्हेली महाविद्यालय परासिया एवं यूनिक कालेज परासिया के मध्य मैच खेला जाएगा

## एक संडे पिकनिक के नाम एवं जनजागरण अभियान

### यह संदेश की समय निकालो प्रकृति का सानिध्य पाओ जीवन का आनंद



**सौंसर।** रविवार को तर्कशील विचार समिति और मोबाइल वाणी के संयुक्त तत्वावधन में सौंसर विकासखंड में ग्राम पंचायत रामाकोना के आश्रीत ग्राम बिछवी में एक संडे पिकनिक के नाम एवं गावों में जनजागरण अभियान के तहत कार्यक्रम संचालित किया गया। आयोजक संस्थाओं के अलावा ग्रामीण, समविचारी संगठनों के सदस्य शामिल हुए वहीं जनपद पंचायत के अधिकारियों ने भी पिकनिक स्थल घोघरी को भेट दी। सभी ने सोबना नदी पर पहाडी चट्टानो के बीच कलकल करती बहती कन्हान नदी और यहा के प्राकृत सौंदर्य वाले पिकनिक स्थल के विकास और इस से संबंधित गांव के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर चर्चा की। जनपद पंचायत के अधिकरियों की आश्वस्त किया गया कि विभागीय योजनाओं के तहत इस पिकनिक स्थल के विकास में अपेक्षित सहायोग करेंगे।

### वैचिरिक परिवर्तन का संदेश दिया

आयोजक संस्था के सदास्यों ने ग्राम बिछवी में नुक्कड सभा लेकर ग्रामीणों को वैचारिक परिवर्तन अभियान का संदेश दिया। शिक्षा, स्वच्छता, पानी बचाव, स्वाथ्य जागरूकता, पर्यावरण सरंक्षण, जैविक खेती एव अंधविश्वास उन्मूलन पर तर्कशील संस्था के सचिव पीकेएस गुर्वे एवं मोबाइल वाणी से मैनेजर दिनकर पातुरकर, सामाजिक कार्यकर्ता योगष गौतम व अमोल गुर्वे ने विचार रखे। मोबाइल वाणी क्लब को-आर्डिनेटर सुरभी यादव ने मोबाइल वाणी द्वारा मेरा गांव मेरी पहचान कार्यक्रम के तहत प्रसारित हुई बिछवी गांव की स्टोरी ग्रामीणों के सामने रखी। साथ ही गांव आजीविका और हम, गुर्वेजी की डायरी, पक्ष-विपक्ष, मेरी भी आवाज सुनो कार्यक्रम, गुरु मंत्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें कार्यक्रम निशुल्क सुनने एवं अपनी राय रिकार्ड करने हेतू छिंदवाड़ा मोबाइल वाणी के निशुल्क नंबर 09266617444 नंबर मिस कॉल देने की बात कही।अधिवक्ता श्वेता गुर्वे ने संविधान में निहित अधिकारों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

### प्रकृति व औषधिय पौधों को जाना

सोबना नदी के पिकनिक स्थल पर आयोजक संस्था के सदस्य और उपस्थित जनों ने पिकनिक स्थल की विशेषता व आसपास के प्रकृति को जाना। पिकनिक स्थल के आसपास छोटी पहाडी और यहा से कन्हान नदी संगम स्थल तक स्थित औषधिय पौधों को पहचाना और स्वास्थ्य उपचार में उसका महत्वा जाना। सदस्यों ने मोबाइल वाणी को श्रोताओं के लिए यहां एक संदेश प्रसारित किया और नए पिकनिक स्थालों की खोज एवं उसके प्राकृतिक सरंक्षण की जानकारी दी । वहीं तर्कशील संस्था ने पिकनिक स्थालों पर प्लास्टिक नहीं लाने और सफाई बनाए रखने का संदेष दिया।

### पिकनिक स्थल का विकास करेंगे

पिकनिक स्थल पर पहुंचे सौसर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राधेश्याम वरिये ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरापुरा यह पिकनिक स्थल है। इस का प्राकृतिक सौंदर्य अनायश ही लोगों को अपनी और आकर्शीत करता है। इस पिकनिक स्थल के विकास के लिए विभाग के योजना के तहत प्लान तैयार कर विकास किया जाएगा। ताकि पिकनिक के बहाने ग्रामीणों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। खंड पंचायत अधिकारी सुरेश डोंगरे एवं पंचायत सचिव योगेश भद्रे व जनपद का स्टॉफ उपस्थित था।

यह रहे अभियान के साक्षी

एक दिन पिकनिक के नाम व जनजागरण अभियान में के जो सदस्य साक्षी रहे उनमें वीणा गुर्वे, प्रांजली पातुरकर, शितल गुर्वे, निकिता धुंडे, योगेंद्र मोहरसिया, दिनेश शिवहरे, कुणाल पातुरकर, दादू कामडे का समावेश है।

## उपभोक्ताओं से खुली लूट कर रही विद्युत कम्पनी

### स्मार्ट मीटर की वजह से उपभोक्ता सब्सिडी से वंचित



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारों पर विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की जेब खाली कर रहे हैं। उपभोक्ताओं पर दबाव डालकर उन्हें स्मार्ट मीटर लगाये जाने हेतु विवश किया जा रहा है, जिसका विरोध निरंतर कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा किया जा रहा है किन्तु विद्युत वितरण कंपनी सरकार को फायदा पहुंचाने के लिये जबरन मीटर लगा रही है साथ ही समय पर रीडिंग नहीं लेकर उपभोक्ताओं को औसत बिजली बिल देकर उन्हें सब्सिडी से वंचित रखा जा रहा है।कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विद्युत वितरण कम्पनी पर आरोप जड़ते हुये कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं को औसत बिजली बिल देकर उन्हें मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रखा जा रहा है। स्मार्ट मीटर का भारी विरोध किया जा रहा है बावजूद इसके एक निजी कम्पनी को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारी घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दबाव डालकर मीटर लगा रहे हैं। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर भी लगाये जा चुके हैं किन्तु उनकी निर्धारित समय में रीडिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी प्राप्त नहीं हो रही है। उपाध्याय ने यह भी आरोप लगाये कि माह के अंतिम सप्ताह में मीटर वाचकों द्वारा रीडिंग लेने के उपरांत विभागीय कार्यलयों को भेजी जाती थी, किन्तु विगत कुछ माहों से उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित रखने के लिये समयावधि उपरांत रीडिंग ली जा रही है। जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आगे कहा कि उपभोक्ताओं को बगैर विश्वास में लिये स्मार्ट मीटर लगाया जाना गलत है। प्रकोष्ठ ने कम्पनी के अधिकारियों से यह मांग की है कि समय पर रीडिंग लेकर उपभोक्ताओं तक बिजली बिल पहुंचाने की सुचारू व्यवस्था बनाये ताकी उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो सके।

# पोरवाल को जनसंपर्क आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार, मंडलोई को मेट्रो एमडी का दायित्व भी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। मुख्यमंत्री के सचिव विवेक





पोरवाल को जनसंपर्क आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पोरवाल भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2000 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

जनसंपर्क आयुक्त और मेट्रो के प्रबंध संचालक भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2009 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष सिंह को मंत्रालय में अपर सचिव बना दिया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1993 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज मंडलोई को अपने वर्तमान दायित्व के साथ-साथ मेट्रो के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंडलोई नगरीय प्रशासन और आवास विभाग के प्रमुख सचिव हैं।

# अब कालेजों में पदस्थ अतिथि विद्वान भी करा सकेंगे स्थानांतरण

**भोपाल।** प्रदेशभर के सरकारी कालेजों में सेवाएं दे रहे अतिथि विद्वान भी अब अपना तैनाती स्थान परिवर्तन करा सकेंगे। यह आदेश मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त की ओर से जारी किया गया है। अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया सत्र 2023-24 के लिए द्वितीय चरण की समय सारणी में एक अकादमिक सत्र में एक बार पद रिक्त होने की स्थिति में स्थान परिवर्तन की सुविधा दी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में कार्यरत अर्ह एवं प्रदेश के मूल निवासी अतिथि विद्वान 15 दिसंबर को जारी समय सारिणी के अनुसार 22 से 25 दिसंबर तक अपना विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मध्य प्रदेश में इस बार मार्च में ही विद्यार्थियों को मिल जाएंगी नए सत्र की किताबें



**भोपाल।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को इस बार निश्शुल्क किताबें मार्च में मिल जाएंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने विकासखंड स्तर तक डिपो से किताबें पहुंचाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। दरअसल, इस बार अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव संभावित हैं।

इसी के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र भी शुरू होगा। ऐसे में आचार संहिता के प्रभावशील होने और वाहनों की उपलब्धता न होने के कारण किताबों का वितरण मुश्किल होगा। लिहाजा, राज्य शिक्षा केंद्र ने मार्च के पहले सप्ताह में स्कूलों को किताबें उपलब्ध कराने को कहा है।

इसके लिए 20 जनवरी तक तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने बताया कि अगले सत्र की निश्शुल्क किताबें विद्यार्थियों को जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी। बता दें कि राज्य शिक्षा केंद्र 75 हजार से अधिक सरकारी स्कूल के करीब 65 लाख विद्यार्थियों को सवा पांच करोड़ पाठ्यपुस्तकें निश्शुल्क उपलब्ध कराता है।

## किताबों की इस तरह होती है आनलाइन ट्रैकिंग

राज्य शिक्षा केंद्र ने सरकारी स्कूलों की पाठ्यपुस्तक वितरण व्यवस्था को आनलाइन किया है। आनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम जियो टैग तकनीक आधारित है। पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो से ब्लाक के लिए पुस्तक वितरण चालान बनते ही ब्लाक अधिकारी को मोबाइल एप पर परिवहन वाहन के नंबर वाला अलर्ट प्राप्त हो जाता है।

# मुख्यमंत्री के सामने किया बेहतर व्यवस्थाओं का दावा, रोगियों से बाहर से मंगा रहे दवाएं, काटन और ग्लव्स

**भोपाल।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में मंगलवार शाम मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान अधिकारी जिन व्यवस्थाओं की तारीफ करते नहीं अघा रहे थे वास्तव में उनकी स्थिति दयनीय है। अस्पताल के पास पूरी दवाएं तो दूर काटन और सर्जिकल ग्लव्स जैसी मामूली चीजें तक नहीं हैं। प्रसव तक के लिए इन समाग्रियों को बाजार से मंगाया जा रहा है। जबकि प्रसव में स्वजनों का एक रुपये भी खर्च नहीं कराया जा सकता है। गर्भवती के स्वजनों से एक प्रसव के लिए एक हजार से लेकर 1500 रुपये तक खर्च करवाए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि गर्भवतियों के लिए आक्सीटोसीन इंजेक्शन जैसी दवाएं तक बाहर से मंगाई जा रही है। नवदुनिया ने मुख्यमंत्री के दौर के अगले दिन मंगलवार को एक बार फिर से प्रसूति विभाग की पड़ताल की तो दवाएं बाजार से मंगाया जाना पाया गया।अस्पताल के अधिकारियों का तर्क है कि बजट नहीं होने के कारण दवाओं की कमी बनी हुई है जैसे ही बजट मिलेगा दवाओं के आर्डर करेंगे।

## बाजार से दवा मंगाने के सवाल पर एचओडी ने झाड़ा पल्ला

सोमवार को हमीदिया अस्पताल के मेटरनिटी विंग की डा. रेखा वाधवानी ने मुख्यमंत्री के निरीक्षण के समय अपने विभाग की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की थी। वे रोगियों की जांच और दवाएं अस्पताल से करने और शाम को चार बजे तक मरीजों की ओपीडी देखने का दावा कर रही थी। नवदुनिया ने अगले दिन मंगलवार को बाजार से दवा लिखे जाने के मामले में बात करने से ही साफ इंकार कर दिया। हैरानी इस बात की है कि पूरे मामले में वे कुछ भी बात करने से बचती नजर आई। बाजार की दवाएं उनके विभाग से लिखे जाने के सवाल पर यह कहकर बात करने से इंकार कर दिया कि वो कुछ भी कहने के लिए अधिकृत नहीं हैं, नवदुनिया ने फिर दोहराया कि आप बाजार की दवाएं लिख रही हैं, इसके लिए आप अधिकृत हैं। लेकिन उनसे कोई जबाव नहीं मिला। हमीदिया अस्पताल में पीआईसीयू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट), एसएनसीयू( सीक न्यूबर्न केयर यूनिट) और स्त्री रोग विभाग वार्ड के उन मरीजों की सूची तैयार की गई है। जिनसे मुख्यमंत्री ने मुलाकात की थी। उन मरीजों के लगातार फालोअप करने के लिए अधीक्षक डा. आशीष गोहिया ने निर्देश जारी कर दिए है। मंगलवार सुबह डा. आशीष गोहिया खुद ही मरीजों से मिलकर हाल चाल जाना था।



भोपाल। विधानसभा में आज अभिभाषण देने पहुंचे राज्यपाल मंगुभाई पटेल का मुख्यमंत्री मोहन यादव, स्पीकर नरेंद्र तोमर, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे आदि ने स्वागत किया।

# कांग्रेस की माली हालत खराब ! पार्टी ने शुरू किया डोनेट फॉर देश कैंपेन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस आम लोगों से चंदा इकट्ठा करेगी। लोग 138, 1,380 और 13,800 रुपए के अलावा कोई अन्य राशि भी अपनी मर्जी से चंदे में दे सकेंगे। इस अभियान में दान करने वालों को एक रसीद भी दी जाएगी। पार्टी 28 दिसंबर के बाद घर-घर जाकर लोगों से चंदा लेगी। पार्टी इसे महात्मा गांधी के ऐतिहासिक %तिलक स्वराज फंड% से प्रेरित बता रही है, जिसे 1920-21 में लॉन्च किया गया था। ऐसे में माना जा रहा है कि क्या कांग्रेस की माली हालत खराब है या घर-घर चंदा मांगने की पार्टी की कोई और वजह है।

हालांकि ये पहली बार नहीं है, इससे पहले 2015-16 में भी कांग्रेस पार्टी ने क्राउड फंडिंग के जरिए पैसा जुटाने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि कांग्रेस मौजूदा समय में आर्थिक तंगी से जूझ रही है और उसके पास बीजेपी जैसी सबसे अमीर पार्टी का चुनावों में मुकाबला करने के लिए धन नहीं है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस को उद्योगपतियों से मिलने वाला चंदा भी कम हुआ है और इसके कई कारण निकाले जा रहे हैं। 2021-22 में कांग्रेस को 541 करोड़ की कुल फंडिंग हुई है। 2014 में ये फंडिंग 768 करोड़ थी। यानी 6 सालों में कांग्रेस की फंडिंग में 29 प्रतिशत की गिरावट आई है। जबकि बीजेपी की फंडिंग में 97त्न की बढ़ोत्तरी हुई है। 2014-15 में बीजेपी की कमाई 970 करोड़ से 2021-22 में बढ़कर 1,917 करोड़ रुपए हो गई।

किस पार्टी के पास कितनी संपत्ति- बीजेपी- 6,046 करोड़, कांग्रेस- 805.68 करोड़, बीएसपी- 690.71 करोड़, सीपीआईएम- 735.77 करोड़, तृणमूल कांग्रेस- 458.10 करोड़, आप- 37.47 करोड़ , एनपीपी- 1.82 करोड़ । ये 2021-22 के आंकडे। इसके बाद के आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं हुए है।

**कांग्रेस के चंदा मांगने के पीछे की वजह-** सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार के मुताबिक कांग्रेस के क्राउड फंडिंग के रास्ते अपनाने की को खास वजह हो सकती है। पहला ये कि देशभर के राज्यों में चुनाव लड़ने की जरूरत है। बीजेपी की फंडिंग कांग्रेस से ज्यादा है। वहीं, कुछ राज्यों में चुनाव लड़ने वाली तृणमूल की आमदनी कांग्रेस जितनी है। चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को अच्छी-खासी रकम की जरूरत होगी। दूसरी वजह लोगों से कनेक्ट करना भी बताया जा रहा है। पार्टी पैसे जुटाने से ज्यादा लोगों से कनेक्ट करने के लिए ये कैंपेन चला रही है।

**पार्टी 138 रुपए के रेशियो में ही क्यों मांग रही है डोनेशन-** कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्य अजय माकन के अनुसार कांग्रेस 'डोनेट फॉर देश' के नाम से एक क्राउड फंडिंग कैंपेन के लिए पार्टी 1,380 रुपए इसलिए मांग रही है, क्योंकि कांग्रेस की स्थापना के 138 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम देशवासियों से यह अनुरोध करते हैं कि 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए जैसी राशि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कांग्रेस के खाते में डालें, ताकि कांग्रेस एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके।

# बाइक सवार दो लोगों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात बाइक सवार दो लोगों को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया, दूसरे का उपचार किया जा रहा है।




पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सूखीसेवनिया के जांच अधिकारी प्रदीप किरार ने बताया कि नरेला संकरी निवासी 30 वर्षीय आशीष राजपूत फोटोग्राफी का काम करते थे, वह शुक्रवार को किसी काम से विदिशा गए थे, जहां से वह अपने दोस्त के साथ बाइक से भोपाल आ रहे थे, रास्ते में ग्राम चौपड़ा के पास एक भारी वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मारी। इससे बाइक चालक को तो सड़क किनरे गिर गया। जबकि बाइक पर पीछे बैठे आशीष ट्रक के साथ बाइक समेट घिसटते चले गए। इसमें उनको गंभीर चोट लगी। हादसे की सूचना पुलिस को मिलते ही पहले पास के अस्पताल भिजवाया। जहां आशीष को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे व्यक्ति की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी हैं।

## सीसीटीवी से मिल सकता है सुराग

सूखीसेवनिया थाने के जांच अधिकारी प्रदीप किरार ने बताया कि फिलहाल तक टक्क मारने वाला वाहन अज्ञात है, लेकिन जो जानकारी मिली है कि उससे ऐसा लग रहा है कि टक्क मारने वाला ट्रक हो सकता है। सीसीटीवी से इस हादसे के फुटेज देखकर टक्क मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। हम बता दें कि इस मार्ग पर सबसे अधिक हादसे होते हैं। ट्रैफिक पुलिस इस मोड का कई बार

# कोई भी ज्ञान तब परिपूर्ण होता है, जब वह आचरण में दिखाई दे: जोशी

**भोपाल।** सेवा का क्षेत्र ऐसा है, जो साधनों पर निर्भर नहीं है। सेवा के लिए मन चाहिए। मन जब तैयार होता है तो साधनों की परवाह किए बिना व्यक्ति सेवा कार्य के लिए निकल पड़ता है। सेवा कार्य योजना से नहीं किए जाते, यह तो मन की वेदना के आधार पर किए जाते हैं। सेवा करने वालों ने अपने कार्यों से सेवा परमो धर्म को सिद्ध किया है। यह विचार राष्टीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश भैया जोशी ने व्यक्त किए। भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रवींद्र भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में अंतिम दिन उन्होंने सेवा परमो धर्म विषय पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) भोपाल के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास ने की। मंच पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के संघ चालक एवं न्यास के अध्यक्ष अशोक पांडेय भी उपस्थित रहे।

**भारत के अलावा और कहीं धर्म के समान शब्द नहीं-** मुख्य वक्ता भैय्या जोशी ने कहा कि भारत के अलावा और कहीं धर्म के समान शब्द नहीं है। हमारी संकल्पना में धर्म एक व्यापक तत्व है। इसके दो पक्ष हैं, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि धर्म को आचरण में लाने वाले मुझे सबसे प्रिय हैं। इसी प्रकार सेवा भी सिद्धांत का नहीं अपितु आचरण का विषय है। चिंतन जब व्यवहार में दृश्यमान होता है, तब सेवा दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ विचारों की व्याख्या करना अलग विषय है, लेकिन आचरण के माध्यम से उन विचारों के समीप जाना साधना है। हम सिद्धांत में कहते हैं कि विषमता नहीं होनी चाहिए, लेकिन आचरण में यह दिखाई देती है। कोई भी ज्ञान तब परिपूर्ण होता है, जब वह आचरण में दिखाई देता है।

**गांधीजी कहते थे, पुनर्जन्म में मेरा विश्वास-** महात्मा गांधीजी के जीवन का एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए भैय्या जोशी ने बताया कि गांधीजी कहते थे, पुनर्जन्म में मेरा विश्वास है। इसलिए मुझे दूसरा जन्म रोटी के रूप में मिले ताकि किसी के पेट भरने के काम आ सकूं। यह विचार मन में उत्पन्न संवेदनाओं के कारण आता है। बुद्धि के आधार पर नहीं, जब हम संवेदनाओं के आधार पर विचार करते हैं तो सेवा का भाव आता है।

# चयनित प्राथमिक शिक्षक फिर प्रदर्शन की तैयारी में

**भोपाल।** 2020 में अयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करने के बावजूद नियुक्ति नहीं मिलने वाले चयनित अभ्यर्थी फिर प्रदर्शन की तैयारी में हैं। उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपनी नियुक्तियों को लेकर एक ज्ञापन भी दिया है। जिसमें उन्होंने प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 काउंसिलिंग प्रक्रिया में चॉइस फीलिंग कर चुके अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की बात की है।

शिक्षकों ने बताया कि लंबे समय तक हम तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग कर चुके हैं। अब यही मांग हम नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कर रहे हैं।

पत्र में लिखा है कि हम प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 उत्तीर्ण अभ्यर्थी है। मप्र में 12 वर्षों पश्चात् प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन है, दिसंबर 2019 में नोटिफिकेशन आया। 4 साल हो गए अभी तक भर्ती लंबित है। हम समस्त सभी वर्गों के अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके हैं। जिला एवं स्कूल चॉइस फीलिंग




हो चुकी है। हम सभी वेटिंग लिस्ट में हैं, काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके हैं। हम सभी अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 9 हजार है।

अभी हाल ही में मध्यप्रदेश में प्राइमरी स्कूलों में 30 हजार से अधिक प्रमोशन और रिटायरमेंट से पद खाली हुए हैं। चुनाव से ठीक पहले पूर्व शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने 10 हजार से अधिक पद वृद्धि का आश्वासन दिया था कि जैसे ही दोबारा सरकार बनती है आप की मांग पूरी की जाएगी। हम 2 साल से पद वृद्धि की मांग कर रहे हैं, मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि मप्र प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में पद वृद्धि करके नियुक्ति पत्र जारी करें।

**दोबारा धरने पर बैठेंगे-** मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण संघ संयोजक मंगल सिंह ने बताया हमने हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन दिया है। हम चाहते हैं कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती वर्ग 3 में पदों में वृद्धि की जाए। काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके और अन्य अभ्यर्थी निरंतर पदों में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। विभाग में 30 हजार से ज्यादा पद खाली हैं। अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम दोबारा सड़कों पर उतरेंगे और धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# भाजपा नेता के बेटे ने अपहरण कर दलित को बेल्ट से पीटा, जान बचाने गायब हुआ परिवार

**मुरैना।** मुरैना में दबंगों के खौफ से चार दलित युवक पिछ्ले सात दिन से अंडरग्राउंड हैं। परिवार का कहना है कि बच्चे जान बचाने के लिए कहीं जाकर छिप गए हैं। यह मामला मुरैना जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर कसमड़ा गांव का है।

13 दिसंबर को गांव के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद करुआ शर्मा के बेटे विशाल शर्मा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इन दलित युवकों का अपहरण किया। फिर सुनसान जगह पर ले जाकर बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई की।

इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन आरोपी गुट में करीब 15 युवक शामिल हैं। इन्हीं अज्ञात आरोपियों के डर से दलित परिवार के चारों



पीड़ितों को गांव छोड़ना पड़ा है।

**परिवार को जान का खतरा-** अभिषेक सखवार के पिता रूपकिशोर सखवार ने बताया कि आरोपी दबंग हैं। उन्हें जान का खतरा है। कहीं आरोपी उनके बच्चों व परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ कोई वारदात न कर दें

थाना प्रभारी महुआ धर्मेंद्र मालवीय ने बताया कि इस दुश्मनी की शुरुआत नवंबर माह में हुई थी। इस घटना में शामिल आरोपी विशाल शर्मा के पिता सुभाष शर्मा को ऋतुराज सखवार ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर पीटा था। ऋतुराज सखवार वारदात के बाद से फरार है। विशाल शर्मा अपने साथियों के साथ उसकी खोज-खबर में लगा था, लेकिन वह नहीं मिला।